इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 229 | राजनांदगांव, सोमवार 07 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







## 'ब्रिक्स में वैश्विक भविष्य को आकार देने की क्षमता', पीएम मोदी का ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से दुनिया को संदेश

नई दिल्ली। ब्राजील में 6-7 जुलाई को ब्रिक्स सम्मेलन हो रहा है। 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी भी रियो डी जेनेरियो पहुंच गए हैं। यहां पर ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

बता दें कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी वैश्विक शासन में सुधार, शांति और सुरक्षा, बहुपक्षवाद को मजबूत करने, एआई के उपयोग, जलवायु कार्रवाई, वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक और वित्तीय मामलों सहित प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।



### पीएम मोदी पहुंचे ब्राजील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय 8 दिनों की पांच देशों की आधिकारिक दौरे पर हैं। पीएम शनिवार को अर्जेंटीना की ऐतिहासिक यात्रा पूरी करने के बाद पांच देशों की अपनी यात्रा के चौथे चरण में आज दिन में ब्राजील पहुंचे।

बता दें कि पीएम मोदी की ब्राजील की चौथी यात्रा है और दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के बाद उनका ब्रासीलिया का राजकीय दौरा करने का कार्यक्रम है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी इस शिखर सम्मेलन के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं। हालांकि, इसको लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### पीएम मोदी ने किया ट्वीट

ब्रिक्स शिकर सम्मेलन में शामिल होने के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। इसके साथ ही वैश्विक नेताओं के साथ तस्वीर भी साझा की। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा कि ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स के अन्य नेताओं के साथ, घनिष्ठ सहयोग और साझा विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए। ब्रिक्स में अधिक समावेशी और समतापूर्ण वैश्विक भविष्य को आकार देने की अपार क्षमता है।

### चीन के राष्ट्रपति नहीं लेंगे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा

ब्राजील में हो रहे इस शिखर सम्मेलन में रूस के राष्टपति और चीन के राष्ट्रपति हिस्सा नहीं लेंगे। चीनी राष्टपति बनने के बाद ये पहला मौका है, जब शी चिनफिंग इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। उनके स्थान पर चीन के पीएम ली क्यांग सम्मेलन में भाग लेंगे।

बता दें कि ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। मिस्त्र, इथोपिया, ईरान, सऊदी अरब और यूएई को शामिल करके इस समूह का विस्तार किया गया है।

## चिराग के ऐलान से टेंशन में आई बीजेपी-जेडीयू, 243 सीटों पर लड़ने का किया ऐलान

पटना। बिहार में साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने है। विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए के घटक दल के नेता चिराग पासवान ने बड़ा ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे बिहार विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि वह बिहार के हित में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान के इस बयान के बाद बीजेपी और जेडीयू की मुश्किलें बढ़ सकती है।



### विधानसभा चुनाव लड़ने का किया ऐलान

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि आज सारण की इस पावन धरती से ऐलान करता हूं कि मैं चुनाव लड़ूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जब मैं कहता हूं कि चिराग पासवान चुनाव लड़ेंगा तो मैं यह भी बता दूं कि चिराग पासवान प्रदेश की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। हर सीट पर चिराग पासवान बनकर चुनाव लड़ूंगा।

### इशारों-इशारों में नीतीश पर साधा निशाना

जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने इशारों-इशारों में सीएम नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान किसी से डरने वाला नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा- उनके विरोधी उनके रास्ते में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें बिहार आने से रोकने की साजिश की जा रही है।

### सरकार पर भी साधा निशाना

जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि पटना में हत्या हो या फिर प्रदेश के किसी भी गांव में हो, सरकार को कानून-व्यवस्था के लिए जवाबदेह होना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार जवाबदेही से भाग नहीं सकती।

### सियासी हलचल हुई तेज

बता दें कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के इस बयान के बाद प्रदेश की सियासत तेज हो गई है। चिराग पासवान के बयान पर सांसद राजेश (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आज से भाजपा का प्रशिक्षण शिविर, जेपी नड्डा-अमित शाह आएंगे छत्तीसगढ़ : छग के शिमला में तीन दिन रहेगी सरकार

सरगुजा। उत्तरी छत्तीसगढ़ के हिल स्टेशन मैनपाट में बड़ा आयोजन होना है. पूरी छत्तीसगढ़ सरकार सहित केन्द्रीय मंत्री भी मैनपाट में रहेंगे. प्रदेश में सभी विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री सहित केंद्रीय मंत्री भी यहां रहेंगे. दरअसल ये भाजपा का एक प्रशिक्षण वर्ग है, जो 3 दिनों तक चलेगा. इसके लिये प्रशासन और भाजपा के बड़े नेता तैयारी का जायजा लेने भी मैनपाट पहुंचे.


मैनपाट में सांसद, विधायक समेत केंद्रिय मंत्रियों का भी जमावड़ा रहेगा

### मैनपाट में बीजेपी प्रशिक्षण

प्रशिक्षण तीन दिन तक चलेगा. 7, 8 और 9 जुलाई को तीन दिवसीय प्रशिक्षण होगा. उम्मीद जताई जा रही है कि प्रशिक्षण के पहले दिन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और समापन के दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी यहां आ सकते हैं. हालांकि इनके आगमन की कोई आधिकारिक पुष्टि अबतक नही हैं, लेकिन सभी विधायक, सांसद सहित छत्तीसगढ़ के मंत्री और मुख्यमंत्री प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होंगे.

### सरगुजा से चलेगी साय सरकार

इस आयोजन के कारण 3 दिन तक पूरी सरकार सरगुजा में ही रहेगी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरगुजा से ही सरकार चलायेंगे. क्योंकि पूरी कैबिनेट सहित मुख्यमंत्री खुद यहां रहेंगे. प्रदेश भर के भाजपा विधायक भी यहीं होंगे. ये बड़ा विषय इसलिए भी है कि क्षेत्र के लोगों के लिये हर मंत्री, विधायक और सांसद सरगुजा में 3 दिन तक रहेंगे. भाजपा नेता व हाउसिंग बोर्ड कार्पोरेशन के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने बताया कि सरगुजा के पर्यटन स्थल मैनपाट में विधायक दल व सभी सांसदों के लिए भारतीय जनता पार्टी के एक प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी चल रही है. इस दृष्टि से हमारे क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, महामंत्री संगठन पवन साय ने मैनपाट का दौरा किया है. आयोजन की तैयारियों का निरीक्षण किया. इसमें केंद्रीय नेतृत्व का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा. शुक्रवार की शाम सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, भाजपा नेता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## साइबर फ्रॉड रैकेट का मास्टर माइंड गिरफ्तार : चीनी नागरिकों के साथ मिलकर 750 करोड़ की ठगी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड रैकेट के खिलाफ शिकंजा कस रही पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से इस मामले में मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया गया है. उत्तराखंड एसटीएफ ने आरोपी को दिल्ली पुलिस की मदद से पकड़ा. इस मामले में जांच एजेंसियों को 750 करोड़ रुपये के लेनदेन के सबूत मिले हैं. आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार आरोपी अभिषेक अग्रवाल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया था. आरोपी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर ठगी का नेटवर्क चला रहा था. आरोपी अभिषेक अग्रवाल पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट है और उसे साइबर फ्रॉड गिरोह का मास्टर माइंड बताया जा रहा है. आरोप है कि अभिषेक ने 41 फर्जी शेल कंपनियां बनाई. इनमें से 13 कंपनियां आरोपी के नाम पर हैं और 28 कंपनियों आरोपी की पत्नी के नाम पर है.



### कई कंपनियों में सह-निदेशक

इसके साथ ही कई कंपनियों में चीनी नागरिक सह-निदेशक पाए गए हैं. साथ ही जांच एजेंसियों को कंपनियों के खातों में 750 करोड़ से ज्यादा का संदिग्ध ट्रांजेक्शन मिला है. साथ ही आरोपी 2019 में चीन के शंघाई और शेन्जेन की यात्रा भी कर चुका है. जानकारी के मुताबिक, यह रैकेट हेक्टर लैण्डकरो प्रा.लि. के नाम पर चल रहा था. साथ ही यह गिरोह 15 से ज्यादा फर्जी लोन एप्स भी चला रहा था. इनमें इंस्टा लोन, मैक्सी लोन, केके कैस जैसे ऐप शामिल हैं.

### आरोपी डेटा चुराकर करते थे ब्लैकमेल

आरोपी पीड़ितों के मोबाइल में लोन ऐप इंस्टाल होने के बाद उनकी निजी जानकारी चुरा लेते थे. पीड़ितों के मोबाइल की गैलेरी और कांटेक्ट्स से निजी जानकारी चुरा चुराने के बाद उन्हें ब्लैकमेल करते थे, धमकाते थे और भारी रकम की वसूली करते थे. साथ ही आरोपियों ने पीड़ितों से अत्यधिक ब्याज और जुर्माने के नाम पर भी ठगी की. पीड़ितों से ठगी जाने वाली राशि को चीन के बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाता था. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर राजद सुप्रीम कोर्ट पहुंची, चुनाव आयोग के फैसले को दी चुनौती

पटना/नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के चुनाव आयोग के निर्देश को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की ओर से राज्यसभा सांसद मनोज झा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इस फैसले को चुनौती दी है।



मनोज झा ने चुनाव आयोग के उस निर्णय को अदालत में खारिज करने की मांग की है, जिसमें आयोग ने बिहार में विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को तुरंत लागू करने का निर्देश दिया है। राजद का कहना है कि विधानसभा चुनाव के ठीक कुछ महीने पहले इस तरह की प्रक्रिया चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाती है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई की संभावना है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव आयोग के निर्देश को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत क्या रुख अपनाती है और इसका असर बिहार चुनावी तैयारियों पर कितना पड़ता है। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला लगातार गर्माता जा रहा है। चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ अब तृणमूल कांग्रेस की नेता और सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। महुआ मोइत्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। महुआ मोइत्रा ने अपनी याचिका में कहा कि वह निर्वाचन आयोग के 24 जून के उस आदेश को रद्द करने का अनुरोध करती हैं, जिसके तहत संविधान के विभिन्न प्रावधानों का कथित उल्लंघन करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है।

याचिका के मुताबिक, संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत जनहित में दायर वर्तमान रिट याचिका में भारत निर्वाचन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने नहीं खाली किया बंगला, सुको ने केंद्र को लिखा पत्र

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ के सरकारी बंगले को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय आवास मंत्रालय को पत्र लिखकर बंगला जल्द खाली कराने की मांग की है। दरअसल, पूर्व सीजेआई ने रिटायरमेंट के कई माह बाद भी अपना सरकारी बंगला (5, कृष्ण मेनन मार्ग) खाली नहीं किया।



पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को सेवानिवृत्त हुए थे। सरकारी नियमों के मुताबिक, रिटायरमेंट के बाद वह 6 माह तक टाइप VII बंगले में बिना किराए रह सकते हैं, लेकिन चंद्रचूड़ को रिटायर हुए 8 माह हो गए, अब भी वह टाइप VIII (मुख्य न्यायाधीश के कार्यकाल का आवास) में ही रह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय को यह पत्र 1 जुलाई 2025 को लिखा है। जिसमें कहा गया कि पूर्व सीजेआई से बंगला खाली कराते हुए उसे कोर्ट हाउसिंग पूल में जोड़ा जाए, क्योंकि अभी 4 सुप्रीम कोर्ट जजों को बंगला नहीं मिल पाया है।

पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने मामले में प्रतिक्रिया दी है। कहा, मैं जानबूझकर इस बंगले में नहीं रुका हूं। फरवरी से लगातार यात्रा में हूं, मेरी बेटियों को ऐसे सुविधा वाले घर की ज़रूरत थी। सर्विस अपार्टमेंट्स (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आईएएस के पति सहित 28 आबकारी अधिकारी शराब घोटाले में शामिल, आज होगा चालान पेश

रायपुर। शराब घोटाले में आबकारी विभाग के 28 अधिकारियों और कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया है। इसमें आईएएस के पति अनिमेश नेताम का नाम भी शामिल है। उक्त सभी के खिलाफ ईओडब्ल्यू की टीम शनिवार को पूरी तैयारी के साथ 15 बंडलों में चालान लेकर कोर्ट पहुंचे, लेकिन विशेष न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण पेश नहीं किया गया। अब इसे 7 जुलाई को पेश किया जाएगा।



### पूछताछ कर लिया गया बयान

उपसंचालक अभियोजन ने बताया कि चालान में आबकारी विभाग के 28 अधिकारियों की शराब घोटाले में भूमिका का ब्योरा दिया गया है। उक्त सभी लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ कर बयान लिया गया है। बता दें कि आबकारी विभाग द्वारा 18 अप्रैल को अभियोजन स्वीकृति का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास भेजा गया था। सामान्य प्रशासन और विधि विभाग के मंजूरी मिलने के बाद अब चालान पेश किया जाएगा। यह शराब घोटाले में 5वां पूरक चालान है।

### चालान में इनके नाम

नोहर सिंह ठाकुर, सोनल नेताम, अलेख राम सिदार, गरीबपाल, प्रकाश पाल, एके सिग, आशीष कोसम, जेआर मण्डावी, राजेश जायसवाल, जेएस नुखटी, जेआर पैकरा, देवलाल वैद्य, एके अनंत, वेदराम लहरे, एसएस ध्रुव, जनार्दन कौरव, अनिमेष नेताम, विजय सेन, अरविंद कुमार पाटले, प्रमोद कुमार नेताम, रामकृष्ण मिश्रा, विकास कुमार गोस्वामी, इकबाल खान, नितिन खंडुजा, नवीन प्रताप, सौरभ बख्शी, दिनकर वासनीक, मोहित कुमार जायसवाल, नीतू नोतानी और मंजू कसेर के नाम शामिल है।




## छग में जो भ्रम फैलाया जा रहा है, वह सच्चाई से दूर है : सचिन पायलट

रायपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं. वह सोमवार को रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में 'किसान जवान संविधान जनसभा' को संबोधित करेंगे. इसकी तैयारी भी जोरों पर है. इस कार्यक्रम से पहले प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने सभा स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कहा- 'सभा के लिए जोश और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है. बादल है, बारिश है, लेकिन कार्यकर्ताओं में जबरदस्त ऊर्जा है.'



प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस जनसभा में शामिल होने रायपुर आ रहे हैं. जनसभा के बाद कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें पार्टी की आगामी रणनीतियों और दिशा-निर्देशों पर चर्चा होगी. उन्होंने आगे कहा- 'आने वाले समय में कांग्रेस मजबूती से आगे बढ़ेगी. पार्टी की पॉलिटिकल लीडरशिप को लेकर छत्तीसगढ़ में जो भ्रम फैलाया जा रहा है, वो सच्चाई से दूर है.' वहीं, कांग्रेस में लगातार उठ रहे एकजुटता (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# मोहर्रम पर मुस्लिम तेली पंचायत ने बनाए भव्य ताजियां, मशहूर शायरों ने पढ़ी नात

## हजरत इमाम हुसैन की शहादत को किया याद, सांप्रदायिक सौहार्द का अनुपम दृश्य



राजनांदगांव (दावा)। हजरत इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा मोहर्रम के अवसर पर भव्य और कलात्मक ताजियां बनाए गए। हर वर्ष की तरह इस बार भी करबला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने यह आयोजन गरिमामय और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

पंचायत के संरक्षक इकरामुद्दीन सोलंकी ने बताया कि विगत चार वर्षों से मोहर्रम पर कोई जुलूस नहीं निकाला जा रहा है। परंपरा के अनुसार इस बार भी अटल सैय्यद बाबा की मजार से ताजियां लाकर दिग्विजय कॉलेज के सामने मंच पर रखा गया। जहां सभी धर्मों के लोगों ने जियारत कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहा और माहौल पूरी तरह भक्ति और सादगी से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर आयोजित नातिया कार्यक्रम में देशभर से आए मशहूर फनकारों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए नात पेश की। वहीं, शहर के प्रसिद्ध हैदरी अखाड़ा द्वारा आकर्षक और कलात्मक प्रदर्शन किया गया। जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में सभी धर्मों के लोगों ने शामिल होकर ताजियों के दर्शन किए और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। पंचायत के अध्यक्ष सिकंदर गौरी ने पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, नगर निगम और सभी धर्म-प्रेमी नागरिकों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। मौके पर मुस्लिम तेली पंचायत के सभी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। शांतिपूर्ण और समर्पित आयोजन ने सांप्रदायिक सौहार्द और एकता की मिसाल पेश की।

# ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर दो पक्षों में हुई मारपीट, पुलिस में रिपोर्ट दर्ज




राजनांदगांव (दावा)। शहर में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर लेन-देन को लेकर गाली-गलौज व मारपीट होने पर मामला पुलिस तक पहुंच गया। इसमें दोनों पक्ष द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। बसंतपुर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर लिया गया है।

बताया जाता है कि मामला ऋद्धि-सिद्धि कालोनी फेस नं. 1 निवासी अभिषेक राजपूत से जुड़ा हुआ है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि उसने हेमंत कुमार निवासी चारभांठा ने ड्रायविंग लायसेंस बनाने के लिए आवेदन दिया था जिसका पुलिस वेरिफिकेशन लंबित होने के कारण लायसेंस जारी नहीं हो सका था। इस बात को लेकर गत 1 जुलाई को 11.15 बजे कमला कालेज चौक में चाय पीने के बाद रामाटोला निवासी सागर देवांगन मिला और अभिषेक से गाली गलौज करने लगा। बताया जाता है कि सागर ने पहले गाली दी फिर जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्के से मारपीट की और उसकी दाहिनी हाथ की तर्जनू उंगली को दांत से काट दी। जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने उक्त शिकायत पर धारा 296,115, (2) 351,(2,) के तहत अपराध कायम किया गया है। इधर दूसरे पक्ष के हेमंत ने भी अभिषेक के खिलाफ पैसे की लेन-देन को लेकर उसके साथ मारपीट किए जाने का पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस दोनों मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# धारदार चाकू लेकर डराने धमकाने वाले आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में धारदार चाकू/खंजर लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से धारदार चाकू जब्त के उसके खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। लालबाग थाना प्रभारी राजेश साहू ने आरोपी का नाम संदीप साहू पिता अगनु साहू 23 वर्ष निवासी ग्राम फरहद गौरा चौक के पास बताया।

थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति फरहद चौक ब्रिज के नीचे सार्वजनिक स्थान पर अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर लहरा रहा है और आने जाने वाले लोगों डरा धमका रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने गवाहों के समक्ष मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करने पर वह व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग रहा था। जिसे मौके पर पकड़कर धारदार चाकूनुमा हथियार को बरामद अभिरक्षा में लेकर वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से धारदार चाकूनुमा हथियार जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# छग हॉकी टीम ने वेस्ट बंगाल एवं तमिलनाडू को हराया



15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छग टीम का शानदार प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 3 से 14 जुलाई तक झारखंड की राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा है।

छग हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने टीम की इस उपलब्धि पर जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर से 28 प्रतिष्ठित टीमों के बीच मुकाबला हो रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस चैंपियनशिप में छग हॉकी टीम का पहला मुकाबला वेस्ट बंगाल से हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ टीम ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में छत्तीसगढ़ की खिलाड़ी श्यामली राय ने 3 गोल किए। जबकि ट्विंकल और मनप्रीत ने एक-एक गोल किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए श्यामली राय को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

दूसरे मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम का सामना तमिलनाडू से हुआ। इस मैच में भी छग ने 2-1 से जीत हासिल की। श्यामली राय और दुबी रावत ने एक-एक गोल किया। तमिलनाडू के खिलाफ इस मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड दुबी रावत को दिया गया। छग हॉकी टीम के कोच एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने टीम के प्रदर्शन को सराहा। उन्होंने बताया कि छग के खिलाड़ियों ने वेस्ट बंगाल और तमिलनाडू के खिलाफ आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। जिसके फलस्वरूप सभी गोल मैदान में बने और टीम ने अपनी आक्रामकता को बखूबी प्रदर्शित किया।

छग हॉकी संघ के सचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से 28 खिलाड़ियों का चयन कर राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 18 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया गया।

चयनित खिलाड़ियों में गोलकीपर नौरीन हयात, विशाखा, डिफेंडर केसर साहू, अंजलि एक्का, जिज्ञासा कश्यप, मिडफील्डर सुधा साहू, श्यामली राय, सरिता मौर्य, स्मिता कुजूर, सोनाक्षी यादव, अजमत प्रवीन, स्ट्राइकर ट्विंकल प्रजा, दुबी रावत, मनप्रीत कौर, काव्या सिंह ठाकुर, रश्मि निषाद, संजना और रिया खालको शामिल हैं। इस टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सहायक कोच दीपेश चौबे और टीम मैनेजर सुप्रिया तिग्गा हैं। छत्तीसगढ़ हॉकी टीम के शानदार प्रदर्शन पर राज्य की खेल प्रेमी जनता ने टीम को बधाई दी है।

# रायपुर सराफा एसोसिएशन का चुनाव : धरमचंद चुने गए सर्व सम्मति से अध्यक्ष



रायपुर। राजधानी रायपुर के सराफा एसोसिएशन चुनाव में धरमचंद भंसाली निर्विरोध अध्यक्ष बने। नामों के आने के बाद एसोसिएशन ने आपसी सहमति बनाकर धरमचंद भंसाली के नाम पर सहमति जताई और अपने नाम को वापस ले लिया।

दरसअल, रायपुर सराफा एसोसिएशन की आमसभा आयोजित की गई थी। जिसमें आगामी तीन वर्ष के कार्यकाल हेतु नये पदाधिकारियों का चयन किया जाना था। जिसमें वरिष्ठ जनों व पदाधिकारियोंको मंच में आमंत्रित किया गया। तत्पश्चात आमसभा का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन हुआ सचिव प्रदीवेदन दीपचंद कोटडिया द्वारा पठन किया गया। कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा द्वारा आय- व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। सभा को अध्यक्ष सुरेश भंसाली, शिवराज भंसाली, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश गोलछा, उत्तमचंद गोलछा, संजय कानूगा, प्रदीप घोरपड़े ने संबोधित किया। आमसभा में चुनाव प्रक्रिया संपन्न करने हेतु नरेंद्र दुग्गड को चुनाव अधिकारी को नियुक्त किया गया। सहयोग के लिए प्रकाश गोलछा ने प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम अध्यक्ष पद हेतु हरखचंद मालू, संजय कानूगा, अशोक गोलछा, उत्तम गोलछा का नाम सभा से प्रस्तावित हुआ। वरिष्ठ जनों के द्वारा आपसी सहमति का प्रयास किया गया उसमें सफलता प्राप्त हुई। पूर्व में आए अध्यक्ष पद के दावेदारों ने धरमचंद भंसाली के नाम पर सहमति जताई और अपने नाम वापस ले लिया।

# डॉ. मुखर्जी जयंती पर सीएम साय ने दी श्रद्धांजलि, बोले- अपने कार्यों से उन्होंने भारतीय लोकतंत्र को दी नई दिशा



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महान शिक्षाविद्, ओजस्वी राष्ट्रवादी और भारतीय जनमानस में राष्ट्रीय चेतना का संचार करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम श्री साय ने अपने निवास कार्यालय में डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अमूल्य योगदान का स्मरण किया और उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किये।

सीएम श्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन देशभक्ति, निःस्वार्थ सेवा और अखंड भारत के प्रति अदम्य प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वे दूरदर्शी राजनीतिज्ञ, प्रखर विचारक और शिक्षा, सामाजिक न्याय तथा राष्ट्रीय एकता के प्रबल समर्थक थे। उनके सिद्धांत और कार्य आज भी हम सभी को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भारत की एकता और संप्रभुता के लिए डॉ. मुखर्जी का संघर्ष भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का स्वप्न एक आत्मनिर्भर, सशक्त और गौरवशाली भारत का था, जिसे साकार करने के लिए हमें उनके आदर्शों का सतत अनुसरण करना होगा।

श्री साय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने वैचारिक स्पष्टता और सैद्धांतिक राजनीति की नींव रखकर भारतीय लोकतंत्र को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और राष्ट्र के विकास में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. मुखर्जी के विचारों और मूल्यों को अपने आचरण में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# स्वदेशी जागरण मंच ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिवस पर की गोष्ठी का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा रविवार 6 जून को भाजपा के पितृ पूजन व जनसंघ के आधार स्तंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंच द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रविवार को प्रातः 9.30 बजे बरसती फुहारों के बीच सनसिटी परिसर में स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वय राकेश ठाकुर के आतिथ्य में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन वृत पर सारगर्भित प्रकाश डाला।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता अमलेंदु हाजरा ने डॉ. मुखर्जी के तपोमयी जीवन के संबंध तथा देश कल्याण के लिए किये गये कार्यों एवं प्रसिद्ध घटना चक्रों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवनाथ कल्याण समिति के वरिष्ठ डी.सी.जैन एवं हरीश गांधी ने जनजागरण के अपने विचार रखे। गोष्ठी में श्रीमती रूपाली हरीश गांधी ने अपनी लेखनी व संकलन प्रकाशित पुस्तिका ए टू जेड जिसमें बच्चों को अच्छे गुण - संस्कार और राष्ट्र की महानता से परिचित कराने वाली संस्कारों की नींव गड़ी जाने वाली धार्मिक कथाओं का सहारा लेते हुए बच्चों के मन में देश भक्ति की भावना जागृत करने वाला लेख बताया और उसका पठन किया। उक्त आयोजन सनसिटी के गणमान्य नागरिकों के सानिध्य में आयोजित किया गया राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच व अन्य सनसिटी निवासियों की सहभागिता रही।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
जिला - खैरागढ़ छुईखदान- गंडई (छ.ग.) - 491881
PM SHRI

प्रवेश सूचना (ऑफ़लाइन मोड)

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में सत्र 2025-26 के लिए केवल कक्षा ग्यारहवीं (वाणिज्य) में कुछ स्थान (सभी सेवा श्रेणी के अभिभावकों के लिए) प्रवेश हेतु रिक्त हैं। कक्षा दसवीं, बारहवीं (विज्ञान) एवं बारहवीं (वाणिज्य) में (दोनों कक्षाओं में सिर्फ सेवा श्रेणी -1 एवं 2 के अभिभावकों के लिए) कुछ स्थान प्रवेश हेतु रिक्त हैं। इच्छुक अभिभावक विद्यालय कार्यालयीन दिवसों में दिनांक 07.07.2025 से 11.07.2025 तक प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक पंजीयन फॉर्म प्राप्त कर एवं इसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ पूर्ण रूप से भरकर उक्त तिथियों एवं समय के मध्य कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

प्रवेश पूर्णतया केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.), नई दिल्ली की प्रवेश मार्गदर्शिका 2025-26 के अनुसार दिया जाएगा एवं रिक्तियां घट या बढ़ सकती हैं।

प्राचार्य

SILVER SCREEN MULTIPLEX
05th July to 10th July 2025



Jurassic World Rebirth - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Mai Raja Tai Mor Rani (C.G) - 12:15 pm
Metro In Dino - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:15 pm
Maa - 06:15 pm
Sitaare Zameen Par - 03:15 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी फिल्म
मैं राजा तैं मोर रानी



कला : दीपक साहू, एल्सा घोस, पुष्पेन्द्र सिंग
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न




0 प्रतियोगिता का सांसद संतोष पांडे द्वारा शुभारंभ
0 समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने किया पुरस्कृत


राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों जिला राजनांदगांव योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा स्थानीय गायत्री स्कूल में योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 9 बजे गायत्री स्कूल के ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलन, तुलसी पूजन, मां गायत्री की आराधना मुख्य अतिथि संतोष पांडे सांसद एवं अतिथि डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव सदस्य पर्यावरणविद्, स्टेट प्रेसिडेंट जयंत गोस्वामी, समाजसेवी बृजकिशोर सुरजन, नीरज बाजपेयी, रूपचंद भीमनानी, अमर लालवानी, नरेंद्र कोटड़िया, सुरेंद्र गोयल उद्योगपति, एडवोकेट एजाज सिद्दीकी, दुर्ग के एनवायएसएफ अध्यक्ष उद्धव साहू, खिलेश्वर साहू पर्यावरण मित्र द्वारा शुभारंभ किया गया।

भारतीय संस्कृति परंपरा अनुसार स्वागत तिलक लगा एवं आरोग्य प्रदाता औषधि युक्त पौधे भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने दिया और बताया कि नेशनल अवार्ड प्रतियोगिता 11 से 14 सितंबर को भिलाई में आयोजित किया जाएगा। जिसमें भारत देश के सभी राज्य शामिल होंगे। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने अपने उद्बोधन में मां भारती व प्रकृति को नमन करते हुए मां भारती के हरे-भरे आंगन में बैठकर योग करना प्रत्येक मनुष्य को नित्य नई ऊर्जा प्रदान करता है। योग और खेल का अटूट संबंध है। प्रतिभागी बच्चों की योग के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास उन्हें नित्य नहीं ऊर्जा प्रदान करता है। यहां से उभरकर बच्चे राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन करें, ऐसी में शुभकामना देता हूं। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 215 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यहां से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कुल चार विधाओं में आयोजित प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया।

जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह दीप प्रज्वलन, प्रकृति वंदन एवं मां गायत्री की पूजा अर्चना के साथ की। साथ ही एनवायएसएफ स्टेट अध्यक्ष जयंत भारती गोस्वामी, महापौर मधुसूदन यादव, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. डीसी जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, अशोक पांडे संपादक नंदगांव टाइम्स, समाजसेवी भावेश बैद, पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशन यदु आदि अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर, अंग वस्त्र दुपट्टा पहनाकर एवं पौध भेंटकर सम्मान किया गया।

डॉ.रमन सिंह खेल एवं बच्चों के लिए अपने व्यस्ततम कार्यक्रम में से समय निकाल कर योगासन स्पोर्ट्स के कार्यक्रम में पहुंचे यह उनकी सहृदयता को दर्शाता है। उन्होंने बच्चों के योग प्रदर्शन को देखकर तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया एवं विजय प्रतिभागियों को मेडल पहना मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन को इस बेहतरीन आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। आयोजन समिति द्वारा स्पीकर डॉ. रमन सिंह को पौधे एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता के प्रभारी साहित्यकार कवि राकेश ठाकुर ने अपनी कविताओं एवं अपने अनमोल शब्दों की तारतमयत्ता से किया। जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी, राकेश ठाकुर, शैलेंद्र तिवारी, मनोज कोचर, अम्लेंदु हाजरा, प्रतिक चोपड़ा, शशि जानी, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक मण्डल के प्रमुख धमतरी से भोजेन्द्र साहू सहित 15 सदस्यीय टीम को भी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व सांसद पांडे की भरपूर सराहना मिली। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों को प्रातः नाश्ते में मूंग, चना, मोठ का अंकुरित अनाज एवं सेब एवं केला, दोपहर भोजन में खिचड़ी, संध्या 4 बजे दूध बिस्किट का वितरण किया गया।




योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में शामिल अतिथि सांसद संतोष पांडे एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सेल्फी प्वाइट पर अपनी सेल्फी ली। उक्त जानकारी जिला सचिव लक्ष्मण लोहिया एवं प्रचार प्रभारी अधिवक्ता अमलेंदु हाजरा ने दी।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई : गोवा बॉम्बे स्पेशल व्हिस्की, महुआ शराब और लाहन जब्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, कोचियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मद्यमान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए तीन प्रकरणों में 83.250 बल्क लीटर मध्यप्रदेश राज्य निर्मित विदेशी मदिरा गोवा बाम्बे स्पेशल व्हिस्की एवं 26 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब तथा 50 किग्रा महुआ लाहन जप्त किया गया।

कलेक्टर के निर्देश पर अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी जीपीएस दर्दी ने बताया कि थाना घुमका के ग्राम बिरेझर में दशरथ साहू के कब्जे से 4 बल्क लीटर एवं नरेन्द्र साहू के कब्जे से 7 बल्क लीटर कुल 11 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया। एक अन्य प्रकरण में मध्यप्रदेश राज्य निर्मित विदेशी मंदिरा गोवा बाम्बे स्पेशल व्हिस्की 350 नग पाव मात्रा 63 बल्क लीटर एवं 27 बोतल गोवा बाम्बे स्पेशल व्हिस्की मात्रा 20.250 बल्क लीटर कुल मदिरा की मात्रा 83.250 बल्क लीटर एवं दो पहिया वाहन स्कूटी को अवैध शराब परिवहन करते हुए जप्त किया गया। मरकाकसा जंगल में 15 बल्क लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 50 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।

# सावन से पहले झड़ी जैसा माहौल, जमकर बारिश होने का इंतजार

## अभी तक औसत बारिश से आधा भी नहीं बरसे बदरा, शहर में अभी बना हुआ है जल संकट

राजनांदगांव (दावा)। किसान हो या शहर वासी जमकर बारिश का इंतजार कर रहे हैं ताकि कृषि कार्यों में तेजी आए और शिवनाथ नदी में पानी जमा हो तो शहरवासियो को नलों से पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके। अभी तो शहर वासियों के लिए ले- दे कर पानी की व्यवस्था हो पा रही है। एक जून नल खुलता है तो दूसरे जून बंद रहता है। उसमें भी नलों से पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। टैंकरों के भरोसे शहर के बहुत से वार्ड पानी पा रहे हैं। इस सबकी वजह शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ में पानी का स्टोरेज नहीं होना है। और कैसे भी हो। अंचल में ठीक-ठाक बारिश ही नहीं हो पाई है। अभी तक देखा जाए तो पिछले 10 वर्षों की तुलना में औसत बारिश आधी नहीं हुई है। आषाढ़ मास बीतने जा रहा है लेकिन हमारे अंचल में मानसून पूरी तरह सक्रिय ही नहीं हुआ। इसके चलते जमकर बारिश ही नहीं हुई। कमजोर बारिश का असर अंचल की खेती पर पड़ रहा है। किसानों को अभी भी जमकर बारिश का इंतजार बना हुआ है ताकि खेती कार्य में तेजी आए।

### सावन से पहले झड़ी जैसा माहौल

आषाढ़ मास अब चंद दिनों का मेहमान है। 10 तारीख से सावन मास प्रारंभ हो जाएगा। लेकिन अंचल में अभी से सावन मास की हल्की झंडी का नजारा देखने को मिल रहा है। हालांकि यह लगातार नहीं है। लेकिन झड़ी जैसे माहौल बनने से खेती किसानी में थोड़ी जान आई है।

किसान अच्छी उपज की कामना को लेकर कृषि कार्य में जुट गए हैं। भर्रेगाव क्षेत्र के पारीं खुर्द निवासी मनोहर साहू ने बताया कि हल्की बारिश ही सही पर खेतों में धान के अंकुरण होने लगे हैं।सिंगदई के किसान नोखे साहू ने बताया कि वह मुख्य तह धान की फसल लेते हैं। उन्होंने बताया कि अच्छी बारिश का इंतजार हो रहा है। क्योंकि पौधे के बड़े होते ही बियासी के लिए खेत में पानी भरा होना चाहिए।

इधर आमगांव जोंधरा क्षेत्र के किसानों का कहना है कि जल्द ही अच्छी बारिश नहीं हुई तो खेतों में बोए गए बीज भता सकते हैं। बीजों की सुखने की आशंका बनी हुई है। निकटस्थ ग्राम गुंडरदेही के किसान देवारु राम ने बताया कि यदि अच्छी बारिश नहीं हुई तो क्षेत्र में घोर अकाल पड़ सकता है। क्षेत्र के पंचराम ने बताया कि सावन आने में मात्र तीन- चार दिन बाकी है लेकिन इसके खेतो में फसल के बजाय मिट्टियां ही दिखाई दे रही है। मानसून की कमजोर सक्रियता के चलते क्षेत्र में कृषि कार्य पूरी तरह पिछड़ गया है। उन्होंने बताया कि यदि जल्द ही अच्छी बारिश हो जाए तो खेतों में पानी जमा होते ही बियासी कार्य शुरू हो जाएगा। बिन पानी के खेतों में अंकुरण नहीं हो पाया है। अच्छी बारिश नहीं होने से खेतों में घास बड़ी मात्रा में उग आएगी जो फसल को कमजोर कर देगी इससे किसानों को आर्थिक क्षति पहुंच सकती है।

### अंचल में हुई बारिश पर एक नजर

इस वर्ष जिले में अभी तक मात्र 653.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। बताते चलें कि छत्तीसगढ़ के सरगुजा, अंबिकापुर अंचल में अच्छी बारिश हो रही है। नदी-नालों में पूर जा रहा है। क्षेत्र में बाढ़ आई हुई है। लेकिन छत्तीसगढ़ का पश्चिम सिरा अच्छी बारिश के लिए तरस रहा है। जिले में आषाढ़ का प्रथम पखवाड़ा सूखा बीता लेकिन जून के आखिरी में कहीं - कहीं अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि सिस्टम कमजोर है इसलिए मानसून सक्रिय नहीं हुआ है।इस हिसाब से देखा जाए तो जिले में अब तक की औसत बारिश मात्र 94 मिमी ही हो पाई है। जबकि पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड देखें तो इस समय तक जिले में औसत बारिश 190, 10 मिमी हो चुकी थी। अब इसकी तुलना की जाए तो आधी बारिश नहीं हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 109.1 मिमी., लालबहादुर नगर तहसील में 34.5 मिमी., राजनांदगांव तहसील में 166. 2 मिमी., घुमका तहसील में 131.5 मिमी, छुरिया तहसील में 73.2 मिमी. कुमर्दा तहसील में 73.5 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 65.5 मिमी. वहीं डोंगरगढ़ तहसील की औसत वर्षा 109.1 मिमी दर्ज की गई है।

# ईमाम हुसैन की याद में नौ दीनी तकरीर संपन्न, हौसला अफजाई के लिए कमेटी हुई सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। हजरत ईमाम हुसैन के शहादत की याद में 10 मुहर्रम पर 9 दिनों से हो रही तकरीर का मोहर्रम की 9 तारीख को पूरी हुई। वहीं 10 मुहर्रम को सभी मस्जिदों में विशेष नमाज असुरा अदा की गई।

शहर जामा मस्जिद के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने बताया हजरत इमाम हुसैन करबला के मैदान में इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए शहीद हुए थे, उनकी शहादत को हर साल पूरी दुनिया में मुहर्रम के मौके पर याद किया जाता है। इस दौरान कर्बला के वाक्ये को बयां करने तकरीर का प्रोग्राम किया जाता है। शहर में इस वर्ष जामा मस्जिद कमेटी द्वारा खिदमत ग्रुप को शोहदाए कर्बला कमेटी के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई थी। इस कमेटी के अध्यक्ष असद रजा, मेंबरान हाजी रज्जाक जिंदरान, वसीम झाडूदिया, मेंबरान वसीम अशरफी, अय्यूब भाई, जोहेब अहमद, रईस भाई राजा, नोसाद राजा, तौसीफ, फिरोज, पप्पू, नदीम, शाहरुख गोरी, रजा जिंदरान और अन्य मेम्बरों का उत्तरप्रदेश से आए धर्म गुरू मुफ्ती शेर मोहम्मद बरकाती साहब के हाथों पुष्प-गुच्छ देकर उनकी हौसला अफजाई की गई।

शोहदाए कर्बला की इंतजामिया कमेटी ने जामा मस्जिद के बाड़े में ईमाम हुसैन की याद में सजावट किया और आम लंगर का एहतमाम किया, जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने शोहदा, कर्बला कमेटी के कामों की तारीफ करते हुए कहा कि खिदमत ग्रुप के बेहतर इंतजामात से तकरीर के प्रोग्राम बिना किसी रूकावट के पूरा हुआ।

### मुफ्ती साहब ने किया सम्मान

मोहर्रम पर इस 9 रोजा तकरीर के आखिरी दिन जामा मस्जिद बाड़े में एक औपचारिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जेरे-निजामत प्रोग्राम के संचालन व्यवस्था के लिए हाजी हाफिज सलीम रजा तहसीनी साहब, जामा मस्जिद के सभी सामाजिक कामों को बखूबी अंजाम देने वाले वसीम झाडूदिया व जामा मस्जिद एतराफ से हाजी अतहर साहब को वर्ष 2024 के ईद मिलादुन्नबी जलसे का सफल प्रोग्राम अपनी अध्यक्षता में आयोजित करने और जामा मस्जिद परिसर को पूरे प्रदेश में खूबसूरत सजावट के लिए मुफ्ती साहब के हाथों शिल्ड देकर सम्मानित किया गया।

# सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम बघेरा में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण




**ग्रामीणों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में भागीदारी का संदेश**

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत प्रति शनिवार मनाए जा रहे स्वच्छता त्योहार अंतर्गत ग्राम बघेरा का दौरा कर फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्लांट के संचालन, रख-रखाव और उसकी प्रभावशीलता की जानकारी ली। उन्होंने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अपने सेप्टिक टैंकों की हर तीन वर्षों में अनिवार्य रूप से सफाई कराएं। जिससे पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत ग्रामीणों को मोबाइल एप के माध्यम से अधिक से अधिक फीडबैक देने के लिए प्रेरित किया गया। जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से न केवल जिले की रैंकिंग बेहतर होगी, बल्कि स्वच्छता का संदेश भी हर घर तक पहुंचेगा।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024-25 के स्वीकृत निर्माणाधीन हितग्राहियों के आवासों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण, मजदूरी भुगतान, सेंटरिंग प्लेट्स एवं निर्माण सामाग्री की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए आवास निर्माण में प्रगति लाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान जनपद सीईओ, सहायक परियोजना अधिकारी-आवास, जिला समन्वयक, विकास खंड समन्वयक, तकनीकी सहायक आवास, आवास नोडल, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, आवास मित्र एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का होगा भव्य स्वागत



**जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण से 200 गाड़ियों की काफिला पहुंचेंगे रायपुर**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के कुशल नेतृत्व में आयोजित आमसभा को सफल बनाने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आज रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दोपहर 12 बजे आगमन प्रस्तावित है।

श्री साहू ने आगे कहा कि किसान जवान और संविधान को लेकर जंगी आम सभा होने जा रहा है। जिसमें राजनांदगांव जिले के ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 200 गाड़ियों के माध्यम से उनके स्वागत सम्मान और आमसभा में लोग शामिल होंगे। इस आम सभा को सफल बनाने के लिए जिले के प्रभारी डॉ. शिव कुमार डहरिया पूर्व मंत्री, राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी इरफान खान, विधायक भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, हर्षिता स्वामी बघेल व गिरीश देवांगन, जितेंद्र मुदुलियर, कुलबीर छाबड़ा, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नीसाहू, भुवनेश्वर बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटीला, प्रकाश यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री डॉ. थानेश्वर पाटिला, शाहिद खान, रमेश डाकलिया, डॉ. आफताब आलम के कुशल निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल खान, रितेश जैन, हीरा सोनी, सुरेश सिन्हा, विजय राज सिंह, कोमल साहू, रतन यादव, रोहित चंद्राकर ग्रामीण समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण, त्रिस्तरीय पंचायती राज सदस्य महेंद्र यादव, अंगेश्वर देशमुख, श्रीमती विभा साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख, उपाध्यक्ष पंकज बांधव, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, वीरू चौहान साथ में पीसीसी डेलिगेट्स निगम मंडल आयोग के सभी सम्मानित पूर्व अध्यक्ष व सदस्यगण इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि अधिक से अधिक संख्या में जनसभा में शामिल होने के लिए अपना-अपना नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए अपील किए हैं।

# भाजपा राज में शहर में आए दिन हो रही चाकूबाजी की घटनाएं, अपराधियों पर पुलिस का खौफ नहीं - संतोष पिल्ले



**पुलिस प्रशासन से आए दिन होने वाली आपराधिक घटनाओं में तत्काल अंकुश लगाने की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी कहीं जाने वाली नगरी में भाजपा का राज आते ही है आए दिन चाकू बाजी सहित अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए नगर निगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले ने इसे पुलिस की असफलता बताते हुए कहा कि लोगों में पुलिस का खौफ अब बिल्कुल नहीं रहा। जगह-जगह हो रही अवैध शराब की बिक्री, गांजा-भांग की अवैध खपत व अन्य नशीले चीजों के लोगों के हाथ सहजता से लगने पर लोग नशे के गिरफ्त में आकर चाकूबाजी और हत्या जैसे घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इससे हमारे शहर का माहौल दिनों दिन खराब होता जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि असामाजिक तत्वों को सत्ता के निकट के लोगों का शह मिलने से शहर सहित जिले भर में अपराध का ग्राफ दिनों दिन बढ़ते जा रहा है। इसे काफी भयावह बताते हुए नगर निगम नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने शुक्रवार की शाम उसके वार्ड में हुई चाकूबाजी की घटना से वे और भी व्यथित हो गए और इसे लोगों में पुलिस का डर भय समाप्त हो जाना बताया और कहा कि शहर में जिला पुलिस अधीक्षक सहित आईजी जैसे अधिकारी होने के बावजूद इस तरह के आपराधिक घटनाओं का बढ़ना निश्चित ही पुलिस व्यवस्था की कमजोरी को दर्शाता है। श्री पिल्ले शहर में आए दिन हो रही चाकू बाजी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक का ध्यान आत्कृष्ट किया है और मांग की है कि आपराधिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा तत्काल लोगों में आपराधिक तत्वों की कारस्तानी से व्याप्त डर और भय को जल्द से जल्द समाप्त की जाए।

# पुलिस विभाग की अनुकरणीय पहल : ओवरब्रिज पर रेलिंग लगाकर दुर्घटनाएं रोकने का प्रयास



राजनांदगांव (दावा)। शहर को जोड़ने वाली एकमात्र लाईफ लाईन चिखली-खैरागढ़ रोड राजनांदगांव रेलवे ओवर ब्रिज में पुलिस विभाग और सार्वजनिक समिति के द्वारा रेलिंग बेरीगेट लगया गया। जिससे दुर्घटनाओं में ब्रेक लगेगी। शहर में एकमात्र बने रेलवे ओवर ब्रिज में भारी ट्रैफिक के दबाव के चलते कई दुर्घटना हुई है। जिसको देखते हुए आज रेलवे ओवर ब्रिज में लोहे से बने रेलिंग लगवाकर आज इसकी शुरुवात की गई और वर्तमान मं और भी ऐसे ही रेलिंग बेरीगेट बनाके लगवाए जाएंगे। जिससे की लोगों की जानमाल की सुरक्षा हो सके और किसी तरह की ब्रिज पर कोई अप्रिय घटना ना घट सके। जल्द ही ओवर ब्रिज मे सुरक्षा और घटनाओं पर नजर रखने सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाएंगे।

उक्त व्यवस्था में शुरुवात से ही इस पहल मे मुख्य भूमिका नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक की रही है। जिन्होंने इस कार्य के बारे में सोचा और चिखली थाना प्रभारी उमेश बघेल व शिव शक्ति समिति दीनदयाल नगर चिखली से शेखर ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार सन्नीराम वर्मा के साथ इस कार्य को आगे बढ़ाया गया और सबके प्रयास से वर्तमान में दस बेरिगेट को आज 6 जुलाई रविवार दोपहर 2 बजे नगर पुलिस अधिक्षक पुष्पेंद्र नायक, चिखली पुलिस प्रभारी उमेश बघेल, वर्तमान पदस्थ चिखली प्रभारी अरुण नामदेव, शिव शक्ति समिति अध्यक्ष शेखर ठाकुर, अभिषेक दुबे, मनोज जैन, समारु मेजर एवं विभागीय एवं सार्वजनिक लोगों की उपस्थिति में रेलिंग लगाई गई और पुलिस विभाग द्वारा किये जा रहे कार्य की लोगों ने प्रशंसा की एवं खुद भी जवाबदारी से वाहन को ओवरब्रिज में धीमी गति से चलाने की बात को स्वीकार भी किया गया।

# ऐतिहासिक होगी किसान जवान संविधान जनसभा - रूपेश दुबे

**खरगे की सभा में जाने तैयारी पूर्ण**





राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का छत्तीसगढ़ में 7 जुलाई को आगमन हो रहा है। वे किसान जवान संविधान जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में शामिल होने राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, मोहला, मानपुर जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होने संकल्पित है।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं किसान जवान संविधान जनसभा के प्रदेश मीडिया कमेटी के सदस्य रूपेश दुबे ने बताया कि छग में किसान खाद--बीज के संकट से, युवा वर्ग बेरोजगारी और सरकार के झूठे वादे से परेशान है। वहीं कानून व्यवस्था बदहाल होकर संवैधानिक संस्था भाजपा राज में खतरे में है। उसे बचाने का संकल्प लेकर छत्तीसगढ़ की कुशासित भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार प्रत्येक विधानसभा हेतु प्रभारी बनाकर उन्हें जिम्मेदारी दी गई है। सभी ने अपनी जिम्मेदारियां का बखूबी निर्वहन करते हुए बैठकों के माध्यम से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश भरा है। आयोजन के प्रति कांग्रेसजनो में अपार उत्साह देखते बन रहा है। जिसके चलते बारिश की बाधा को भी तोड़कर कांग्रेसी आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिए हैं। राजनांदगांव जिला कांग्रेस की तैयारी को अंतिम रूप देने विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने जिला एवं शहर अध्यक्ष, पदाधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन दिए साथ ही अपने अपने क्षेत्र से विधायकगण, कांग्रेस के सभी आनुषंगिक संगठन, ब्लॉक अध्यक्षगणों के नेतृत्व में कांग्रेसजनों, किसानों, जवानों का काफिला रवाना होगा।

# घुमका में ग्राम समिति एवं कृषि समिति की बैठक सम्पन्न

घुमका (दावा)। आज घुमका नगर पंचायत में गौवंश की रक्षा एवं चरवाह की बात को लेकर बैठक रखा गया था।

जिसमें पूर्व कृषि समिति अध्यक्ष बहलराम वर्मा, पूर्व जनपद दिलीप पटेल, हिरजूदास वर्मा, नोवेद्र सिन्हा, भाजपा कृषि अध्यक्ष मूरलीधर वर्मा सुनिल सिंह राजपूत, दुखूराम पटेल, जोगी वर्मा, नवीन लुनिया, कुलेश्वर वर्मा, अतुल वर्मा, इन्द्रपाल सिंह राजपूत एवं ग्राम के कृषिकों की भीड़ देखने को मिला, परन्तु गांव की चरवाहों ने गांव में और गोठानों में अतिक्रमण हो जाने के कारण गांव के चरवाहों ने गाय को चराने के लिए चरागाहों को भी अतिक्रमण कर चुके है, अतः इनकार कर दिया। अब किसान अपने गायों एवं मवेशियों को घर में बांध कर रखने की जानकारी पूर्व अध्यक्ष बहल वर्मा ने दी और साथ ही इस बात की गांव में मुनादी भी करवायें।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव सद्गुरु छत्रछाया धाम झूलेलाल मंदिर परिसर लालबाग में



**हरी-भरी हरियाली के मध्य सजेगा सद्गुरु सुधांशु महाराज का दिव्य भव्य नव्य दरबार**

राजनांदगांव (दावा)। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी, सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि सनातन संस्कृति व परंपरा का महापर्व व्यास गुरु पूर्णिमा, गुरु और शिष्य का अनादि काल से चला रहा महापर्व गुरु पूर्णिमा है। गुरु पूर्णिमा अपने भीतर की साधना को मजबूत करने और गुरु कृपा अनुभव करने का महापर्व है। गुरु पूर्णिमा पर गुरु की कृपा भरी नजर पड़ते ही शिष्य का अज्ञान और दुर्भाग्य दूर हो जाता है। गुरु ही वह शक्ति है जो शिष्य को जीने की कला सिखाते हैं। मनुष्य को जीवन के हर मोड़ पर गुरु की आवश्यकता होती है। इस धरती पर जब भगवान ने भी अवतार धारण किया तो उन्हें भी गुरु से ज्ञान लेना ही पड़ा। तभी वह नर से नारायण कहलाए। भगवान श्री राम ने गुरु वशिष्ठ से ज्ञान प्राप्त किया और श्री कृष्ण ने सांदिपनी ऋषि से ज्ञान प्राप्त किया। संस्था सचिव सौरभ खंडेलवाल ने आगे बताया कि शिष्यों द्वारा गुरु पूर्णिमा की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा शिष्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता प्रकृति की हरी-भरी हरियाली के मध्य सद्गुरु सुधांशु महाराज का दिव्य नव्य भव्य दरबार सजाया जाएगा। दिनांक 10 जुलाई गुरुवार स्थान सद्गुरु छत्रछाया धाम झूलेलाल मंदिर परिसर लालबाग में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 10 बजे मुख्य अतिथि जितेंद्र शर्मा व श्रीमती कनकलता शर्मा दीप प्रज्वलन करेंगे। प्रातः 10:05 बजे विघ्नहर्ता गणपति वंदन पूजन, प्रातः 10:10 बजे गुरु चरण पाद पूजन, प्रातः 10:20 बजे गुरु चरण ध्यान साधना, प्रातः 10:40 गुरु मंत्र सिद्धि साधना 11 बजे सद्गुरु भक्तिरस धारा कीर्तन वर्षा, दोपहर 12:10 सद्गुरु महाआरती, दोपहर 12:15 बजे गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिष्य अपने परम पूज्य सद्गुरु सुधांशु महाराज के श्रीचरणों में मन के समर्पण भाव अर्पित करते हुए सनातन संस्कृति के संस्कार बच्चों को देने एवं परिवार में संयुक्त रूप से मिलकर रहने व प्रकृति संरक्षण वृक्ष एवं जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प गुरु चरणों में अर्पित करेंगे। तत्पश्चात गुरु प्रसाद भंडारा महाप्रसाद शिष्यजन ग्रहण करेंगे। विश्व विख्यात परम पूज्य धर्मरतन वात्सल्य मूर्ति प्रातः स्मरणीय सदगुरुदेव सुधांशु महाराज संस्कारों के गंगाजल से हमें सिचते हैं। आध्यात्मिक जागृति, धर्म ज्ञान, राष्ट्र प्रेम जागरण का शंखनाद करते हुए सद्गुरु पथ मार्ग प्रशस्त करते हैं। गुरु के असीम अनगिनत उपकारों के प्रति शिष्य अपनी कृतज्ञता ज्ञापित कर विशेष कृपा आशीर्वाद पाने लिए हम सभी शिष्य गुरु दर्शन, गुरु पाद पूजन गुरु चरणों में अपनी अगाध श्रद्धा और निष्ठा समर्पित करेंगे। हम सभी शिष्य गुरु के रंग में रंग जाए तो जीवन सफल हमारा है। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के संरक्षक नंदकिशोर खंडेलवाल एवं कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने समस्त गुरु शिष्यों से श्रद्धा भक्ति पूर्वक अधिक से अधिक समर्पण भाव से कार्यक्रम स्थल सद्गुरु छत्रछाया धाम झूलेलाल मंदिर परिसर में उपस्थिति की विनम्र अभिलाषा की है। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

# बैंकों से लगातार बजता रहा खतरे का सायरन, पर नहीं दिखा कोई सुरक्षा गार्ड



**सामने आई सुरक्षा गार्ड की चूक व लापरवाही**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में इन दिनों बढ़ते अपराधों को लेकर पुलिस की सक्रियता बनी हुई है। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बाहर से आए लोगों की पहचान किया जा रहा है। गुंडे बदमाशों पर नजर रखी जा रही है उनकी क्लास ली जा रही है। आपराधिक तत्वों व असामाजिक तत्वों पर नजर रखने वार्डो में पुलिस की दबिश हो रही है। आपराधिक तत्वों की हिस्ट्रिया खंगाली जा रही है। शहर व आसपास के क्षेत्रों में घटी चाकूबाजी, हत्या, फायरिंग आदि की घटना को लेकर पुलिस का पूरा ध्यान अभी इसी और बना हुआ है। ऐसे हालात में यदि कोई किसी घटना होने से पूर्व लोगों को सतर्क करने के लिए खतरे की अलार्म घंटी बजी। बैंकों से सायरन की आवाज आए और इसके बाद भी कोई सुरक्षा गार्ड नजर नहीं आए तो इसे सुरक्षा व्यवस्था में चूक व घोर लापरवाही के सिवाय और क्या कहा जा सकता है।

### लगातार बजता रहा बैंकों के सायरन

बता दें कि रविवार दोपहर के समय शहर के अति व्यस्ततम जयस्तंभ चौक स्थित इंडियन बैंक व आईडीबीआई बैंक में अचानक खतरे की घंटी बज उठी। लोगों को किसी खतरे से आगाह करने वाला सायरन बजने के बाद भी लोगों की भीड़ भाड़ वाले इस चौक में कोई पुलिस वाले दिखाई दिए और न कोई सुरक्षा गार्ड की आमद दिखी। खतरे का सायरन 10 से 15 मिनट तक बजता रहा लेकिन बैंक के कोई सुरक्षा गार्ड को इससे कोई मतलब था। ऐसे स्थानों से खतरे की आवाज वाली सायरन बजे और सुरक्षा के प्रहरी कोई भी न आए तो इसे भगवान भरोसे रहना नहीं तो और क्या कहा जाएगा?

शहर के भीड़-भाड़ वाली जगह बाजार जैसे क्षेत्र में घटी इस तरह की घटना पर भले ही पुलिस वालों की नजर नहीं रही लेकिन मीडिया वालों की नजर रही। लगातार 10 से 15 मिनट तक सायरन बजने के बाद भी वहां पर पुलिस वालों से लेकर बैंक सुरक्षा गार्डों की किसी तरह भी हरकत नहीं होने से उन्हें भी अचंभा लगा। उनका कहना था कि भरे बाजार में सायरन बज रहा है। अनहोनी घटना की सूचना दी जा रही है, इससे बाद भी लोगों की सुरक्षा का दंभ भरने वालों का सतर्क नहीं होना घोर लापरवाही को दर्शाता है।

लोगों की मानें तो उक्त बैंकों से अचानक खतरे का सायरन बजना किसी फाल्ट की वजह से हो सकता है या फिर खतरे की घंटी के मशीन में कोई कीड़ा-मकोड़ा आकर चिपक गया हो, इससे भी खतरे की घंटी बज सकती है। कारण चाहूं कुछ भी हो लेकिन खतरे का सायरन बजते ही पुलिस वालों को या फिर बैंक सुरक्षा गार्डो को तत्काल हरकत में आ जाना चाहिए था लेकिन ऐसी कोई किसी भी प्रकार की हरकत नहीं दिखी। इससे क्या ऐसा नहीं सोचा जा सकता कि शहर के बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था भगवान के भरोसे है। चूंकि रविवार होने की वजह से बैंक के बंद होने के कारण अचानक सायरन के बजने के संबंध में कारण पता लगाया नहीं जा सका। बहर हाल जयस्तंभ चौक समीप के बैंकों से लगातार खतरे का सायरन बजने के बाद भी किसी पुलिस वाले व सुरक्षा गार्डो का तत्काल हरकत में नहीं आना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## अनमोल दावा

> **वो सागर भी क्या जो लहरों से डरे, जो तैरना जानता है, उसे मंझधार भी किनारा दिखता है।**

## जनता को तंग करने वाले फैसले, पुराने वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध

हाल में राजधानी में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के इस आदेश ने दिल्ली एवं एनसीआर के लाखों वाहन मालिकों के लिए परेशानी पैदा कर दी कि उम्र पूरी कर चुके अर्थात 10 वर्ष से पुराने डीजल और 15 वर्ष से पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह आदेश इसलिए दिया गया, क्योंकि ऐसे वाहनों को चलन से बाहर करने के उसके आदेश पर अमल नहीं किया जा रहा था। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल न देने के फैसले से दिल्ली के कई पेट्रोल पंपों पर अफरातफरी फैल गई।

एक-दो दिन के अंदर ही यह एक राजनीतिक मसला बन गया और ऐसी आवाजें भी उठीं कि उम्र पूरी कर चुके वाहनों को एकाएक ईंधन न देने का फैसला सही नहीं है। खुद दिल्ली सरकार को आगे आना पड़ा और सीएक्यूएम से कहना पड़ा कि वह अपना फैसला वापस ले। प्रदूषण रोधी निकाय सीएक्यूएम के पास पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु की गुणवत्ता के प्रबंधन का अधिकार है। पता नहीं यह निकाय किस आधार पर इस नतीजे पर पहुंच गया कि 10 वर्ष पुराने डीजल और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों के इंजन ऐसे हो जाते हैं कि उनका उत्सर्जन इतना बढ़ जाता है कि वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनता है।

इस नतीजे पर पहुंचने के पहले अध्ययन एवं विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया ही गया होगा, लेकिन शायद इसकी अनदेखी कर दी गई कि कई वाहन मालिक अपने वाहनों का कम इस्तेमाल करते हैं। अधिकतर उनका कमर्शियल इस्तेमाल भी नहीं करते। इसके चलते उनके वाहनों के इंजन इतने खराब नहीं होते कि उन्हें प्रदूषण फैलाने का दोषी मान लिया जाए। कुछ लोगों के पास तो ऐसे वाहन हैं, जो 10 साल में 50 हजार किमी भी नहीं चले होते।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र सरकार अपनी वाहन नीति में फेरबदल करती रही है, पर उससे वायु प्रदूषण से निपटने में सफलता नहीं मिली। उत्तर भारत और विशेष रूप से राजधानी दिल्ली एवं उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण एक विकट समस्या बना हुआ है। आबादी जैसे-जैसे बढ़ रही है, शहरों में वाहन भी बढ़ रहे हैं और उनके उत्सर्जन से होने वाला प्रदूषण भी। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि सर्दियां प्रारंभ होते ही हवा में धूल और धुएं का मिश्रण स्मॉग बना देता है। इसके चलते वायु प्रदूषण कई गुना बढ़ जाता है। अब साफ हवा हिमालय से लगे कुछ क्षेत्रों और सुदूर दक्षिण भारत के चंद इलाकों को छोड़कर पूरे देश में खराब ही रहती है।

सर्दियों में हवा और खराब एवं कई बार तो जानलेवा हो जाती है। वायु प्रदूषण के मूल कारणों में सड़कों एवं निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल, वाहनों एवं कल-कारखानों का उत्सर्जन है। इसके अलावा कोयला, लकड़ियां, उपले आदि जलाने से निकलने वाला धुआं भी वायु प्रदूषण का कारण बनता है। सर्दियों के प्रारंभ में पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि में खेतों में फसलों के अवशेष यानी पराली जलाने का चलन भी वायु प्रदूषण बढ़ाने का काम करता है।

दिल्ली सहित उत्तर भारत के सभी प्रमुख शहरों में ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिलती है। जब वाहन धीमी गति से चलते हैं तो वाहनों का उत्सर्जन कई गुना बढ़ जाता है। ट्रैफिक जाम से बचने के लिए जैसी सड़कें और अन्य आधारभूत ढांचा होना चाहिए, उसका अभाव दिखता है। यह अभाव धीरे-धीरे सारे देश भर में दिखने लगा है। हमारे शहर ट्रैफिक जाम, धूल, धुएं के लिए जाने जाते हैं। जहां सड़कों के किनारे फुटपाथ होते हैं, उनका उपयोग पैदल यात्री छोड़कर अन्य सब करते हैं।

कहीं पार्किंग होती है और कहीं छोटी-मोटी दुकान लगी होती हैं। चूंकि अतिक्रमण से ग्रस्त फुटपाथों पर पैदल यात्री नहीं चल पाते, इसलिए वे मजबूरी में सड़कों पर चलते हैं। इससे सड़कों पर वाहनों का चलना और धीमा हो जाता है। इसका नतीजा जाम और वाहनों का उत्सर्जन होता है। इस स्थिति से सब अवगत हैं, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय देने से इन्कार किया जा रहा है।

वाहनों के खराब इंजन के चलते उनसे निकलने वाले उत्सर्जन को मापने के जो तौर-तरीके प्रचलित हैं और जिसके तहत पेट्रोल पंपों से वाहन चालक सर्टिफिकेट लेते हैं, वे फेल हो चुके हैं। एक तो लोग ऐसे सर्टिफिकेट लेने की परवाह नहीं करते और दूसरे, वाहन का इंजन चाहे जैसा हो, मनचाहा सर्टिफिकेट पैसे देकर मिल ही जाता है। होना यह चाहिए कि वाहनों के जो भी सर्विस सेंटर, वर्कशाप या सड़क किनारे के मैकेनिक हैं, उनके पास ऐसे उपकरण हों कि वे वाहनों के उत्सर्जन की भी ढंग से जांच-परख कर सकें। यह नियम बनना चाहिए कि ये सब अपने पास आए किसी भी वाहन के उत्सर्जन को हर हाल में नियंत्रित करें।

उन्हें वाहन की हर तरह की कमी दूर करने और उसके ठीक हालात में होने का सर्टिफिकेट देने का भी अधिकार होना चाहिए। इस अधिकार की निगरानी वाहन निर्माता कंपनियों और सरकार को संयुक्त रूप से करनी चाहिए। वे आसानी से यह काम कर सकती हैं। वाहन निर्माता कंपनियों के पास मुनाफे के साथ सीएसआर फंड भी होता है। आखिर जो काम वाहन निर्माता कंपनियों को करना चाहिए, वह सरकार अपने हाथ में क्यों लेती है? सवाल यह भी है कि वह जनता को तंग करने वाले फैसले क्यों लेती है?यदि वाहनों की फिटनेस के लिए वाहन निर्माता कंपनियों और उनके सर्विस सेंटर, वर्कशाप आदि को जिम्मेदार बनाया जा सके तो पेट्रोल पंपों को खटारा या फिर कथित तौर पर उम्र पूरी कर चुके या फिर ज्यादा उत्सर्जन वाले वाहनों को ईंधन देने से मना करने जैसे आदेश ही न देने पड़ें।

# राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने को लेकर क्या कहते हैं राजनीतिक विशेषज्ञ?

**दीपाली जगताप और मयूरेश कोन्नूर**

इस मुद्दे के ख़िलाफ़ महाराष्ट्र की राजनीति के दो बड़े नेता, राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे मिलकर मार्च निकालने वाले थे, लेकिन सरकार के फ़ैसला रद्द करने के बाद दोनों नेताओं ने मार्च की बजाय विजय रैली निकाली.

इस रैली में शिवसेना (यूबीटी), महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और अन्य राजनीतिक दलों के कुछ नेता भी मौजूद थे. एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे ने रैली में कहा, महाराष्ट्र किसी भी झगड़े या विवाद से बड़ा है. हम 20 साल बाद एक साथ आ रहे हैं. जो बालासाहेब नहीं कर सके, जो कई लोग नहीं कर सके. वह देवेंद्र फडणवीस ने कर दिखाया है.

वहीं शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, हमारे बीच की बाधा को उन्होंने हटा दिया गया है और अब हम एक-दूसरे का साथ देने के लिए एक साथ आए हैं. हम एक साथ मिलकर आपको बाहर करेंगे. लेकिन ये सवाल अब भी बना हुआ है कि अब जब ये दोनों एक साथ आ गए हैं तो वास्तव में क्या होगा और इससे किसे क्या संदेश दिया जाएगा.

ये समझने के लिए बीबीसी ने कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों से बात की राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे अगर राजनीतिक रूप से एक साथ आते हैं तो वो अपने बीच के मतभेदों को कैसे दूर रखेंगे. आइए जानते हैं कि शनिवार को आयोजित विजय रैली के मायने क्या हैं. साथ ही ये भी समझते हैं कि रैली में राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे की भूमिका क्या थी.मुंबई के वर्ली में आयोजित इस रैली में उद्धव ठाकरे ने भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) गुट के एकनाथ शिंदे की तीखी आलोचना की.

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में भाजपा ने बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे देकर लोगों के बीच तनाव भड़काए और चुनाव जीते. राजनीति के मैदान में भाजपा व्यवसायी है. वो इस्तेमाल करते हैं और फिर फेंक देते हैं. एकनाथ शिंदे की आलोचना करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, कल एक व्यक्ति ने जय गुजरात का नारा लगाया. जो व्यक्ति अपने नेता के आने पर जय गुजरात कहता है, वह मराठी का चैंपियन कैसे हो सकता है?उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे कहा करते थे किसी के साथ अन्याय मत करो, लेकिन अगर कोई तुम्हारे ख़िलाफ़ हाथ उठाता है, तो उसे अपने पास मत रखो.उन्होंने कहा, आप कहते हैं कि मराठी भाषा के नाम पर धमकाओ मत, लेकिन क्या कभी किसी मराठी व्यक्ति



ने महाराष्ट्र के बाहर किसी को धमकाया है?उद्धव ठाकरे ने कहा, मैं महाराष्ट्र के लोगों से निवेदन करता हूं कि हम चाहे किसी भी पार्टी से जुड़े हों, लेकिन अब हमें महाराष्ट्र की तरह एकजुट होना चाहिए. भाजपा में जो मराठी हैं वो भी इसमें शामिल हों. अगर मराठी लोग इसे लेकर शोर मचाएं और उनकी बात सुनी न जाए तो ऐसे में उनके लिए मर जाना बेहतर है. उन्होंने कहा, हम किसी को नहीं धमकाएंगे, लेकिन हम उन लोगों को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो हमें धमकाते हैं. आइए सभी मतभेदों को ख़त्म करें और सभी मराठी लोग एक साथ मज़बूत बनें. मराठी लोगों को ये नहीं भूलना चाहिए कि हमें मराठी पहचान को बांटना नहीं है, हमें इस पहचान को मिटाना नहीं चाहिए. इसी सभा में राज ठाकरे ने कहा, मार्च आज ही होना चाहिए था और ये एक बेहतरीन उदाहरण होता कि कैसे हर तरफ से मराठी लोग एक साथ आ रहे हैं. लेकिन हमें मार्च के कारण की वजह से कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा. आज की ये सभा शिवतीर्थ में होनी थी, लेकिन बारिश के कारण ऐसा नहीं हो सका. उन्होंने कहा, यह सब तब शुरू हुआ जब मैंने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि महाराष्ट्र का मुद्दा किसी भी झगड़े या विवाद से बड़ा है. दो दशक के बाद हम फिर से एक साथ आ रहे हैं. जो बालासाहेब नहीं कर सके, जो कई लोग नहीं कर सके, वह देवेंद्र फडणवीस ने किया.

राज ठाकरे ने साथ आने के फ़ैसले पर कहा, मराठी ही हमारा एकमात्र एजेंडा है, हम महाराष्ट्र को बंटता हुआ नहीं देखना चाहते. दो दशक के बाद राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने से ये सवाल उठ रहा है कि दोनों एक मंच पर तो आ गए लेकिन क्या वे इतने सालों के अपने मतभेदों को भूल पाएंगे?

महाराष्ट्र की राजनीति पर पैनी नज़र रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार हेमंत देसाई से हमने पूछा कि इन दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता सभी चुनावों में एक-दूसरे का विरोध करते दिखते हैं, शाखा स्तर पर भी एक-दूसरे के ख़िलाफ़ नज़र आते हैं, इतनी जल्दी ये सभी मतभेद भुलाकर साथ कैसे काम कर सकते हैं.

हेमंत देसाई कहते हैं कि जब आपातकाल के कुछ महीने बाद जनता पार्टी में कई पार्टियां एक साथ आई थीं, तो 17-18 साल के विरोध के बाद ये दोनों दल एक साथ आ ही सकते हैं.

वह कहते हैं, पिछले दो साल से दोनों पार्टियों को साथ लाने के लिए कोशिशें हो रही थीं. एमएनएस नेता बाला नंदगांवकर ने दोनों के एक साथ आने को लेकर सीधा बयान दिया था. जब राज ठाकरे ने एक साथ रैली करने का संदेश दिया, तो जो लोग परसों तक एक-दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाज़ी कर रहे थे, वो आनन-फानन में साथ आ गए. इसका मतलब ये है कि इन दोनों पार्टियों में केवल आदेशों का पालन हो रहा है. लेकिन अगर जनता तय कर लेगी, तो उन्हें करना ही पड़ेगा. वरिष्ठ पत्रकार हेमंत देसाई का कहना है, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने बंगाली पहचान को हथियार बनाया, बिहार में नीतीश कुमार ने बिहारी पहचान को ज़ोर-शोर से उठाया. ये यहां भी हो सकता है. मराठी लोग अब मुंबई में बदलाव देख रहे हैं. लोगों के बीच ग़रीबों और मध्यम वर्ग को लूटने वालों के ख़िलाफ़ में काफी नाराज़गी है और ठाकरे भाइयों ने इसे अपना मुद्दा बना लिया है. वरिष्ठ पत्रकार अमेय तिरोडकर ने बीबीसी से कहा, ये दोनों पार्टियां एक साथ आकर सिर्फ़ भाषा के मुद्दे पर आगे नहीं बढ़ सकती, उन्हें प्रदेश के लोगों को एक वैकल्पिक एजेंडा देना होगा और बताना होगा कि वो महाराष्ट्र को और मुंबई को क्या देंगे. वह कहते हैं, अगर बीजेपी सत्ता हासिल करने के लिए गठजोड़ कर सकती है, तो इन दोनों के साथ आने में क्या दिक्क़त है? ये दोनों अगर साथ में राजनीति के मैदान में उतरे तो एकनाथ शिंदे के लिए न केवल मुंबई में बल्कि ठाणे में भी राजनीतिक मुश्किल हो जाएगी. मुझे लगता है कि इन दोनों को एमके स्टालिन और रेवंत रेड्डी जैसे नेताओं को बुलाना चाहिए और लोगों की पहचान के मुद्दे को जिंदा रखना चाहिए.अमेय तिरोडकर ने कहा, भाजपा बहुत ही चालाकी से राजनीति करती है. मुंबई में मराठी के साथ-साथ अन्य भाषाएं बोलने वाले लोग भी हैं. इनका इस्तेमाल भाजपा मराठी ध्रुवीकरण के ख़िलाफ़ कर सकती है. उसकी नज़र मुंबई के साथ-साथ मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर क्षेत्र) की नगरपालिकाओं पर भी है.अमेय तिरोडकर ने कहा कि ये समझना होगा कि अगर भाजपा एकनाथ शिंदे का महत्व कम करने के लिए इस मामले में चुप है तो इसका असर उसपर भी पड़ेगा. बीते वक्त में राज ठाकरे की नज़दीकी भाजपा से रही है, जबकि उद्धव ठाकरे भाजपा के विरोध में हैं. कहा ये जा रहा है कि अगर भाजपा राद ठाकरे से रिश्ते मज़बूत रखती तो वो उद्धव के साथ हाथ नहीं मिलाते. वरिष्ठ पत्रकार अमेय तिरोडकर का कहना है, लेकिन अब इन दोनों भाइयों के लिए ये बताना काफी नहीं होगा कि वो एक साथ आए हैं. उन्हें बीजेपी का एक विकल्प खड़ा करना होगा. केवल भाषा के मुद्दे से काम नहीं चलेगा, उन्हें महाराष्ट्र और मुंबई को ये बताना होगा कि साथ में आकर वो क्या देंगे. इस मुद्दे पर वरिष्ठ पत्रकार आशीष जाधव कहते हैं, मुंबई के मतदाताओं पर नज़र डालें तो मराठी भाषियों के साथ-साथ मुस्लिम मतदाताओं का रुझान भी उद्धव ठाकरे के पक्ष में है.आशीष जाधव का मानना है कि मुंबई में कोंकणी मुसलमानों, महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों के मुसलमानों और उत्तर भारतीय मुसलमानों के बीच कोविड काल से ही रुझान उद्धव ठाकरे के पक्ष में रहा है.

वह कहते हैं, आज धारणा बनाने की ज़रूरत है. जिस तरह भाजपा ये धारणा बनाती है कि ये दोनों पार्टियां हमारे ख़िलाफ़ हैं, उसी तरह इन्हें भी धारणा बनाने की ज़रूरत है. राज ठाकरे ने कहा कि जो बालासाहेब नहीं कर सके, वह देवेंद्र फडणवीस ने किया, यह महत्वपूर्ण बयान है, उन्होंने इशारा दिया है कि ये फेविकोल का मज़बूत जोड़ बन गया है. आशीष जाधव ने कहा, भाजपा ने यह धारणा बनाई थी कि वह गवर्नेंस के पक्ष में है. इस सभा ने उस धारणा को तोड़ दिया है. मराठी लोगों को आश्चर्य हो रहा होगा कि इन सबमें महाराष्ट्र कहां है. ये भी चर्चा हो रही होगी कि राज ठाकरे अब भाजपा की बात नहीं सुन रहे हैं.

## विचार सरिता

# जीवन कौशल: दुख व निराशा देखने पर वही दिखाई देगा, सुख तथा उत्साह देखने पर वैसा ही

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



वास्तव में सुख और दुख हमारे मन की अवस्था है। मन में आनंद भाव आ जाए तो हमें सुख और दुख दोनों ही अवस्था में समान अनुभूति होती है क्योंकि मन ईश्वर से जुड़ चुका होता है। यह सारी बातें उन सिद्ध साधकों या अभ्यास करने वाले लोगों के लिए लागू होती हैं जो इसका अनुभव कर चुके हैं लेकिन आखिर साधारण मनुष्य के लिए क्या उपाय है?

संसार में पंचतत्व हैं। पवन, जल, अग्नि, भूमि और आकाश। सृष्टि का निर्माण पंचतत्वों से हुआ है। यह पांच तत्व निष्क्रिय या महत्वहीन या अनुपयोगी तत्व नहीं हैं। इनसे यह सारा संसार संचालित है। अगर पृथ्वी पर जीवन तत्व है तो इसका अर्थ यह है कि यहां ऊर्जा है,गति है,प्रवाह है और अगर यह सब है तो चैतन्यता है और आनंद है।

इस संसार में फैली हुई इस सकारात्मकता को स्वयं के भीतर अनुभव करने की आवश्यकता है। वास्तव में प्रकृति के संसाधन सबके लिए हैं। कोई इनमें से सकारात्मक तरंगे प्राप्त करता है और कोई नकारात्मक।किसी को यह दुनिया सुख से भरी हुई दिखाई देती है और किसी को दुख से भरी हुई। किसी व्यक्ति को अपना दुख सबसे अधिक लगता है पर कोई व्यक्ति अपने वैसे ही भारी दुख के बीच जीवन को आगे बढ़ाता है और उसी में आनंद के कुछ क्षण ढूंढ लेता है।

यह संसार और कुछ नहीं बल्कि स्वयं हमारे व्यवहार, हमारे दृष्टिकोण और हमारी मानसिक तरंगों की प्रतिक्रिया है। अगर हम सकारात्मक चीज देखते हैं तो हमें सकारात्मक दिखाई देगा और अगर हम दुख निराशा तथा हताशा ढूंढेंगे तो हमें वही दिखाई भी देगा और वही मिलना भी प्रारंभ हो जाएगा।

सुख का संबंध धन से नहीं है। अगर ऐसा होता तो दुनिया के सभी धनी व्यक्ति सुखी होते। धन जीवन जीने के लिए न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अवश्य चाहिए। अगर इससे अधिक धन है तो वह अतिरेक है, वह प्रदर्शन है और वह भविष्य के अति असुरक्षा बोध के कारण है।

हम सकारात्मक बनें और वातावरण में बिखरे हुए ऊर्जा तत्वों की स्वयं में अनुभूति करें। मुझे सब दुख ही दुख दिखाई दे रहा है या मैं दुनिया का सबसे दुखी और साधन विहीन प्राणी हूं, ऐसा सोचने के स्थान पर यह सोचें कि इस प्रकृति ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मेरा जीवन आनंदपूर्ण है। धरती में आनंद ही आनंद है और मैं अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से अपने जीवन की हर आवश्यक कमी पूरी कर लूंगा। कठिन होने पर भी दृष्टिकोण में ऐसा परिवर्तन आवश्यक है।

## कविता

### कइसे पियार लिख दंव

बिपत म अलगाथे तेला,
कईसे परिवार लिख दंव।
बलाय म दुरिहाथे तेला, कईसे
यार लिख दंव।
देख के जौन ह अनदेखी
कर देथे भला,
लटपट म गोठियाइया ला,
कईसे पियार लिख दंव।।
नत्ता - गोता माने नहीं, तेला
कईसे हुसियार लिख दंव।
खजाना के लुटईया ल कईसे
पहरादार लिख दंव।

सुर- सुरांट जाने नहीं,
कोन्हो ल अपन माने नहीं,
ताल म ताल मिलाय नही
तेला कईसे कलाकार लिख दंव।।
गुरू के सिखावन डाट ल,
कईसे मैं मार लिख दंव।
जगत के पालन हार ल,
कईसे मैं बनिहार लिख दंव।
दिल से निकलथे कविता तेला,
बिल ले निकलइया मुसुवा कहंव
सुरूज के अंजोर ल,
कईसे मैं अंधियार लिख दंव।।
गलबहियां डलइया ल
कइसे गला के हार लिख दंव,

टेटका बरोबर झूलइया ल
कइसे हवा - झलार लिख दंव।
न हालय न डोलें,
न गोठियाय न बोलें,
तेला कइसे के मै ,
बखरी के तूमा नार लिख दंव।।



**आनंदराम सार्वा**
**कु.बो. भाठागांव (राज.)**

## सामयिक लघु कथा


### नन्हें का लड्डू प्रेम

खूब बोलने लगा है अब नन्हा ।
अम्मा उसे बड़े प्रेम से नहला रही थी, उसने पूछा-
माँ! आज इतने सबेरे-सबेरे मुझे क्यों नहला रही हो,। कहीं शादी में जाना है क्या? अम्मा खिलखिला उठी। उसके पैरों में साबुन लगाते हुए बोली-'नहीं नन्हे! शादी में नहीं, आज तुम्हे स्कूल जाना है। जल्दी तैयार होना है।'
नन्हें को आश्चर्य हुआ- ''स्कूल? मैं क्यों स्कूल जाऊंगा मॉं! बड़े भैया स्कूल जाते हैं और मै लल्ली के साथ खेलता हूँ! मुझे खेलना अच्छा लगता है। स्कूल जाकर मैं क्या करूंगा।' अम्मा ने उसे बड़े प्रेम से समझाया-
''स्कूल में तुम पढ़ाई करोगे। स्कूल से पढ़कर आओगे तो सब तुम्हें प्यार करेंगे। राजा बेटा कहेंगे। मालूम नन्हें! तुम्हारें पापा कह रहे थे- नन्हा स्कूल जाएगा तो वह तुम्हारे लिए क्रिकेट बैट व बाल लावेंगे। तुम्हारे साथ क्रिकेट खेलेंगे।'' नन्हें ने कहा-''पर मां! मैं पापा के साथ नहीं खेलूंगा। पापा बड़े है', वे मुझे हरा देंगे मैं लल्ली के साथ खेलूंगा। लल्ली भी स्कूल जाएगी मॉ?''
मॉ ने बताया - ''लल्ली की मॉ कह रही थी अभी वह छोटी है तो इस साल नहीं, अगले साल स्कूल जाएगी। नन्हें ने चट कहा- ''तो मैं भी अगले साल स्कूल जांऊगा। लल्ली के साथ।। मॉ बोली- ''तुम लल्ली के साथ स्कूल कैसे जा सकोगी वह तो लड़कियों के स्कूल में पढ़ेगी।''
''मैं भी लल्ली के स्कूल में पढूंगा।''
''तुम लड़के होकर लड़की के स्कूल में पढ़ोगे, सब तुम्हारी हॅसी उड़ाएंगे तो तुम्हे अच्छा लगेगा।'
''तो अम्मा! फिर लल्ली हमारे साथ पढ़ेगी।''
''जानते हो नन्हें! लल्ली की मॅम्मी राजी नहीं होगी लल्ली को लड़कों के स्कूल में पढ़ने के लिए और फिर लल्ली अभी छोटी है तो तुम लल्ली का साथ छोड़ो और बड़े भैया के साथ स्कूल जाने को जल्दी से तैयार हो जाओ।
-''ठीक है मॉ! मैं अपने बड़े भैया के साथ स्कूल जाऊंगा। मैने तुम्हारी बात मान ली अब तुम्हे मेरी भी बात माननी होगी ।''
-'' बड़े भैया को तुम हमेशा दो लड्डू देती हो और मुझे एक। अब मुझे भी दो लड्डू देना होगा।''
फिर तो अम्मा ने उसे गोद मे लेकर चूमते हुए कहा-'हॉ! हॉ! भैया! मैं अपने नन्हें राजा को एक नहीं, दो लड्डू दूंगी। ठीक! ''



**गिरीश बख्शी**


## राशिफल



**मेष**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिलेगा, जिससे आपको बढ़िया लाभ होगा। महिलाएं आज छोटे - मोटे बिजनेस की शुरुआत कर सकती है, जिससे वो आत्मनिर्भर बनेगी। आज इलेक्ट्रॉनिक का बिजनेस करने वालों को बड़ा फायदा होगा।




**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आप टीवी डिबेट में शामिल होंगें और अपने विरोधियों को हराने की पूरी कोशिश करेंगें। संगीत से जुड़े हुए लोगो को म्यूजिक इंडस्ट्री में परफोर्म करने का अच्छा अवसर मिलेगा, उनके सपने पूरे होंगें। आज आपको सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।




**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज आपको बढ़िया धन लाभ होगा, किसी पुराने क्लाइंट से आपके रिश्ते ख़राब हो सकते है। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने मार्केट जायेंगें, लेकिन आप अपने बजट का भी थोड़ा ध्यान रखें। लंबे समय से चल रही किसी समस्या का समाधान होगा।



**कर्क**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, लेकिन खर्च की अधिकता रहेगी थोडा ध्यान रखें। आज आप घर के काम में व्यस्त रहेंगे, जिसके बाद आपको थकान हो सकती है। लवमेट के लिए आज का दिन ख़ुशी देने वाला है, आज आप लोग कहीं घूमने जा सकते है।




**सिंह**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको राजनीति में आगे बढ़ने के लिए किसी विशेष व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपकी हेल्थ ठीक रहेगी, जिससे आज दिनचर्या से जुड़े सारे काम आप खुद करेंगें। आपके जिद्दी स्वभाव के कारण कुछ काम बनने से रुक सकते है, इसलिए आप थोड़ा ध्यान रखें।




**कन्या**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा, जिससे आप अपने बिजनेस को और बड़ा बनायेंगे। आज महिलाओं को थोडा आराम मिलेगा, घर के काम में बच्चे आपका हाथ बटायेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते है।




**तुला**
आज का दिन आपके लिए लाभ देने वाला होगा। रोजगार में आपको तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे, आप उनका लाभ अवश्य उठाएंगे। आज आप ऑफिस में अपने सहकर्मी के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार करे। आज अविवाहित व्यक्तियों को एक अच्छे रिश्ते का ऑफर मिलेगा।




**वृश्चिक**
प्राइवेट ऑफिस में नौकरी करने वालों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा, जिससे आप काम को फटाफट करेंगें। आज बच्चे घर में खूब उछल कूद मंचायेंगे, जिससे आप थोडा इरेटेट हो सकते है। आज आपको किसी व्यक्ति से लाभ होगा, जिससे मन प्रसन्न बना रहेगा।




**धनु**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। आज आप किसी शुभ काम की शुरुआत कर सकते है, जिससे आपके घर में धन - धान्य की बढ़ोत्तरी होगी। आज आपको व्यापारिक दृष्टी से बढ़िया लाभ होगा। आज आप नए रोजगार की शुरुआत कर सकते है , जीवनसाथी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।



**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप अपने दिन की शुरुआत एक नयी उर्जा के साथ करेंगें , जो पूरा दिन आपको एक्टिव रखेगी। आज आपको किसी व्यक्ति से धन लाभ होगा। आज आप दोस्तों के साथ जमकर पार्टी करेंगें, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। सोने - चांदी का बिजनेस करने वालों को आज बड़ा धन लाभ होगा। आज आप किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते है , जंहा आपको मान - सम्मान की प्राप्ति होगी। आज आपकी मुलाकात किसी राजनितिक व्यक्ति से होगी , जिससे आने वाले समय में आप भी राजनीति से जुड़ सकते है।



**मीन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। टेक्सटाइल का बिजनेस करने वालों को आज बड़ा आर्डर मिलने की संभावना बन रही है, जिससे उनके बिजनेस को बढ़िया ग्रोथ मिलेगी। आज आप किसी अजनबी व्यक्ति के साथ अपनी पर्सनल चीजों को शेयर करने से बचें, जिससे आप किसी भी नुकसान से बचें रहें। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

## शब्द सामर्थ्य -101

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 100 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | बा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | याँ | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं पूरा - विनोद खांडेकर

## डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती में किया वृक्षारोपण



डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म जयंती के अवसर पर लाल बहादुर नगर भाजपा मंडल के द्वारा वृक्षारोपण एवं कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया। जिसमें जिले एवं मंडल के वक्ताओं ने डांक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के द्वारा राष्ट्र एवं समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों और उनके जीवन गाथा और उनके संदेशों को याद किया।

मुख्य वक्ता विनोद खांडेकर (पूर्व विधायक डोंगरगढ़) एवं चंद्रिका प्रसाद डड़सेना (उपाध्यक्ष- जिला भाजपा राजनांदगांव) ने कहा कि कश्मीर में धारा 370 का विरोध डाक्टर साहब ने किया उनका एक हि विचार था। एक देश में दो प्रधान,दो निशान और दो संविधान नहीं होना चाहिए अपने जीवन के अंतिम सांस तक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी कश्मीर में धारा 370 को हटाने के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों की आहूति दे दिया। जिले एवं मंडल के वक्ताओं ने डांक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के द्वारा किए गए देशहित में किए गए कार्यों को याद किया। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सभी अतिथियों द्वारा पौधा रोपण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गिरवर साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे एवं अनिता मंडावी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र तिवारी, वेदराम ताम्रकार, शत्रुहन वर्मा, रामाधार देवांगन, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा, कैलाश ऊके एवं गोदावरी निषाद, पुष्पा सिन्हा, अवध साहू, राजकुमार ताम्रकार, मृगलाल साहू, रामजी साहू, राजेश देवांगन, जीलू साहू, रेवाराम सिन्हा, रामाधार ओझा, नरेंद्र ठाकुर, शिव बल्हारे, जसबीर सिंह चौहान, देवेन्द्र नंदेश्वर, पितम्बर सिन्हा, गुलाब साहू, खेदू साहू, चोवाराम वर्मा सहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शाला परिसर में हरियाली 'एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधायक व जिपं अध्यक्ष किरण साहू शामिल हुए



छुरिया (दावा)। चिरचारी कला हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में औषधि युक्त, फलदार, छायादार पौधेरोपित शाला परिसर आंगन में हरियाली लाने 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' वृक्षारोपण महाअभियान के तहत गांव में पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देने के लिए अभिनव पहल की गई। शाला प्रबंधन द्वारा परिसरों में सैकड़ों पौधे रोपे गए। इस अनूठे और भावनात्मक अभियान के माध्यम से ना केवल हरियाली बढ़ाने का प्रयास हुआ। बल्कि मातृत्व के प्रति सम्मान भी व्यक्त किया गया। इस अभिनव पहल को संकुल स्तरीय अभियान में दर्ज किया गया। इस महाअभियान का शाला स्तरीय भव्य कार्यक्रम छुरिया विकासखंड के ग्राम चिरचारी कला स्थित शाला परिसर में आक्सीजोन परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आम के पौधे का रोपण कर जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति किरण रविंद्र वैष्णव, मनहरण लाल पिथौरा, संकुल प्राचार्य एसबी उर्वशा, नरेश शुक्ला, लालचंद साहू, प्रहलाद मिश्रा, अंजनी शर्मा, पोखराज मंडावी, नरेंद्र दमोहे, भूषण वाडेकर, हेमंत सलामे, देवेंद्र साहू ने भी पौधरोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि प्रकृति से भावनात्मक जुड़ाव का भी प्रतीक है। शाला में इस वृक्षारोपण अभियान के तहत इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन स्वस्थ और सुखद हो, इसके लिए पौधे लगाना अति आवश्यक है। वृक्षारोपण का यह क्रम टूटना नहीं चाहिए। पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति किरण रविन्द्र वैष्णव ने घटते जलस्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए जल संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और वर्षा जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया।

शाला के पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा ने कहा कि शाला द्वारा शिक्षा, खेलकूद, स्वास्थ्य किसी भी क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचने का प्रयास किया जा रहा है और इसी कड़ी में वृक्षारोपण महाभियान हमारे गांव के लिए गर्व की बात है। वृक्ष परोपकार एवं पुण्य का प्रतीक होता है। पर्यावरण सरंक्षण के लिए हम सभी को पौधारोपण करना चाहिए। प्राचार्य एसबी उर्वशा ने कहा कि दुनिया के समक्ष जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, जल संकट जैसी चुनौतियां हैं। इससे बचने के लिए एक पेड़ लगाना आवश्यक है। जैसे बूंद-बूंद पानी से समुद्र बनता है, वैसे एक-एक पेड़ से ही पर्यावरण संरक्षित होगा और हरीतिमा बढ़ेगी। प्रधान पाठक हेमंत सलामे ने पर्यावरण को बचाने वृक्षारोपण पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में योगदान देने वालों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रधान पाठक हेमंत सलामे ने कार्यक्रम के सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान विमला माहेश्वरी, दुलेश्वरी मंडावी, हिरदे सिन्हा, जगदीश मिश्रा, महेश मंडावी, दुर्गेश मालेकर हीरालाल गजभिए, महेश पड़ोती, शेख आबिद कुरैशी, कमलेश देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, स्व सहायता समूह की दीदी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पहला कॉलम...

## स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ एवं नाक, कान व गला विशेषज्ञ मंदिर अस्पताल में प्रतिदिन सेवाएं देंगे




डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डॉ. अनुपमा अस्थाना, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (सोमवार, बुधवार, शुक्रवार) और डॉ. विजय जैन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (मंगलवार, गुरुवार, शनिवार) इस प्रकार सप्ताह में 6 दिन रविवार छोड़ कर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक सेवायें प्रदान करेंगी। डॉ. अपूर्व वर्मा नाक कान गला रोग विशेषज्ञ प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। उक्त विशेषज्ञ डाक्टर्स दिनांक 7 जुलाई 25 सोमवार से श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित धर्मार्थ चिकित्सालय में उपलब्ध रहेंगे। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर छुईखदान मंडल भाजपा ने श्रद्धा वंदन कार्यक्रम किया

### शासकीय अस्पताल में किया फल वितरण

छुईखदान (दावा)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे' का बुलंद नारा देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती छुईखदान मंडल भाजपा द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंडल कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लेते हुए 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहें' के जयघोष के साथ राष्ट्र सेवा का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शासकीय अस्पताल छुईखदान में भर्ती मरीजों एवं प्रसुताओं को फल वितरण कर सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवनीत जैन, मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर, उपाध्यक्ष ज्ञानसिंह यादव, ठाकुर राम साहू, महामंत्री रोशन चंद्राकर, मीडिया प्रभारी संदीप महोबिया, कार्यालय प्रभारी सुरेंद्र तिवारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता धनीपाल, राजू उईके, डोमार चंदेल, शुभम विश्वास, अनुज विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में डॉ. मुखर्जी के समर्पण योगदान को याद करते हुए युवाओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देना था।

## सुशासन दिखावा है 'अंधेर नगरी के चौपट राजा' की कहानी से सिद्ध हो रहा है साय-साय - राजीव गुप्ता



छुरिया (दावा)। पूरे प्रदेश व जिला व खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में खाद व बीज के संकट को लेकर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रही है। मानसून आ चुका है, पूरे प्रदेश में खरीफ फसल की बुवाई की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, लेकिन प्रदेश व जिला व खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में में खाद और बीज की समुचित व्यवस्था सरकार नहीं कर पाई है। सरकार अगर किसानों की परवाह करती तो सोसायटी में उपलब्ध हो गया होता। सरकार को चिंता ही नहीं है किसानों की। उन्हें तो व्यापारियों की चिंता है। सोसायटियों में खाद की कमी हो सकती है, लेकिन भट्ठी में शराब की कभी कमी नहीं होगी। श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान बनी धान उपार्जन नीति आज तक चल रही है। वर्तमान में किसान कृषि कार्य शुरू कर चुके हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रही है। खाद की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है। छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वर्ष 2003 में धान खरीदी के लिए कांग्रेस सरकार ने धान उपार्जन नीति बनाई थी। इसके लिए बाकायदा मंत्रि मंडलीय उपसमिति गठित कर सुझाव लिया गया था। इस उपसमिति में उनके अलावा तत्कालीन मंत्री भूपेश बघेल, नंदकुमार पटेल समेत अन्य सदस्य शामिल थे। कांग्रेस सरकार द्वारा बनाई गई ठोस उपार्जन नीति को ही आगे बढ़ाया गया है। इधर भाजपा सरकार में किसानों को खाद तक उपलब्ध नहीं हो रही है। यूरिया और डीएपी की कालाबाजारी हो रही है। इससे किसान मुसीबत में पड़ गए हैं।

# बीहड़ जंगल के बीच बैगा आदिवासियों के साथ मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के अंतर्गत नर्मदा मण्डल के सिंगारपुर बूथ मे सिंगारपुर एवं तुमड़ादाह में पूर्व विधायक कोमल जंघेल के उपस्थिति में नर्मदा मंडल के अंतर्गत आने वाले घने जंगल के बीच जनमन योजना से जुड़े ग्राम तुमड़ादाह में बैगा आदिवासियों एवं नर्मदा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती मनाई गई। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बताया की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ एवं भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक है। उन्हें भाजपा का पुरोधा भी कहा जाता है। मुखर्जी कश्मीर में धारा 370 के प्रमुख विरोधी थे। इसीलिए जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कश्मीर से धारा 370 समाप्त किया गया तो इसे मुखर्जी के सपनों को साकार होना बताया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से छुईखदान सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, युवा नेता अनुज साहू, मुकचंद नायक, डॉ. डेरालाल मसखरे, भुनेश्वर सेन, सरपंच चंद्रकुमार वर्मा, अंजोरी धुर्वे, टीकाराम बैगा, सुंदर नेताम, साधू बैगा एवं बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनमन योजना के हितग्राहियों से मुलाकात कर योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी लिया लोगों देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद किया जिसके बदौलत उनके जीवन में उन्नति व गांव का विकास किया।

# बच्चे अपने जन्मदिन पर लगा रहे पौधे, शिक्षकों का भी भरपूर सहयोग



हरदी (दावा)। पर्यावरण प्रेम और संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टटेंगा के शिक्षकों और प्राचार्य आरके देवांगन के द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थी अपने जन्मदिन को यादगार बनाते हुए प्राचार्य द्वारा दिए हुए पौधे को स्कूल परिसर में लगा रहे हैं। जिससे एक तरफ उनके लगाए पौधे से उनका नाम स्कूल में हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा। वही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनके द्वारा लगाया गया पौधा हरियाली की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाएगा। इस काम में नवाचारी शिक्षक और यूथ एंड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी और रीना बोरकर बच्चों को फलदार और छायादार पौधे देते हैं और उसे विद्यालय परिसर के भीतर ही लगवाते हैं। साथ ही उसके संरक्षण का संकल्प भी दिलाते हैं। इसके पीछे उद्देश्य है कि बच्चों में अपने लगाए पौधे के प्रति प्रेम रहे और वह उसे सुरक्षित रख खुद को गौरवान्वित महसूस कर सकें। वरिष्ठ व्याख्याता टीएल देवांगन ने सभी को शुभकामना देते हुए इस कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' पर सेवा सहकारी समिति ने रोपे पौधे



### सुखमय भविष्य के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अवश्य लगाएं - दिनेश गांधी

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम दीवानभेड़ी सेवा सहकारी समिति द्वारा वृहद वृक्षारोहण का कार्यक्रम किया गया। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर अतिथियों का स्वागत किया तथा पधारे अतिथियों ने संबोधन किया।

इस कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि श्री गांधी ने कहा कि कि हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। पेड़ों में देवो का वास होता है, इसलिए मानव जीवन में हर व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी का सुखमय भविष्य हो। इस वृक्षारोपण कार्यकम में सागौन, नीम, पीपल, साजा, जामुन, आंवला इत्यादि पौधे का रोपण किया गया तथा इसे सुरक्षित किया गया। इस कार्यकम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, जागेश्वर यादव, बैंक मैनेजर प्रशांत बाजपेई सहित समिति के अन्य कार्यकर्ता व ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

# गैंदाटोला भाजपा मंडल में मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



छुरिया (दावा)। जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष महान शिक्षाविद् भारत के राष्ट्रवादी महापुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जन्म जयंती ग्राम गैंदाटोला में वृहद रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता हिरेंद्र साहू अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा ने अपने विस्तृत उद्बोधन में बताया कि मुखर्जी जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झंडा और अलग संविधान था। संसद में अपने भाषण में डॉ. मुखर्जी धारा 370 को समाप्त करने की जोरदार वकालत की थी। सन् 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। उन्होंने तत्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने मंत्री पद से इस्तीफा दिया और अपने संकल्प को पूरा करने के लिए वे सनः 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा पर लिकल पड़े। डॉ. मुखर्जी के सपनों को वर्तमान मोदी सरकार कड़े फैसले लेकर पूरा कर रही है। कार्यक्रम में खिलेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य बीरम मंडावी, पूर्व मंडल अध्यक्ष आत्माराम चंद्रवंशी, जनपद सभापति भेष बाई साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक मिश्रा ने भी संबोधित किया। जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महामंत्री डोमेन पटेल, रामकुमार मंडावी कोषाध्यक्ष हनीफ कुरैशी, उपाध्यक्ष कुमार साय साहू, अंजनी शर्मा, मंत्री मंजू साहू, गजेन्द्र साहू, जनपद प्रतिनिधि विष्णु साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुकृत साहू, पूर्व जनपद सदस्य खेमचंद साहू, सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, कार्यालय प्रभारी राहुल निषाद, सरपंच प्रतिनिधि कमल गुप्ता, पंच वसीम कुरैशी, सरपंच गोपाल सेन, रेवाराम साहू, गुलाबदास साहू, गोविंद यादव एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हनीफ कुरैशी व डोमेन पटेल द्वारा किया गया।

# तुमड़ीबोड़ ग्राम पंचायत व व्यापारी संघ ने दुकानदारों को बांटी डस्टबिन



तुमड़ीबोड़ (दावा)। स्वच्छ तुमड़ीबोड़ बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत व व्यापारी संघ तुमड़ीबोड़ ने संयुक्त रूप से आज शाम छोटे बड़े दुकानदारों को दूकान द्वदूकान जाकर डस्टबिन का वितरण किया और साथ में स्वच्छता से संबंधित पोस्टर भी लगाए गए और कहा गया कि दूकान का कचरा इधर उधर ना फेका जाए और कचरे को व्यवस्थित ढंग से डस्टबिन में डाला जाए ताकि गंदगी ना हो।

व्यापारी संघ और टाइगर क्लब के अध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि छूटे हुए दुकानदारों को आगामी कार्यक्रमों में डस्टबिन का वितरण किया जाएगा। श्री जैन ने आगे कहा कि अगर ग्राम के समस्त व्यापारी बंधू ग्राम को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करते हैं तो आने वाले दिनों में पंचायत के सहयोग से व्यापारियों की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा, उन्होंने सभी को सहयोग करने की अपील की है। डस्टबिन वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ के सरपंच भुनेश्वरी रोहित साहू, सचिव येवेंद्र साहू, उपसरपंच भूपेंद्र सोनवानी, सहित समस्त पुरुष महिला पंचों की उपस्थिति रही। व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन, संरक्षक अमरोतन साहू, सुनील जैन, दीपेश (विक्की) सोनी उपाध्यक्ष लीलाधर (लीलू) साहू , कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र साहू, सहसचिव धरम जैन, मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा और आकाश जैन, अशोक जैन, प्रमोद पारख, जयराम साहू, आशीष साहू, नीलकंठ साहू, संजय सिंगी, दुलार पटेल, धरम ठाकुर, कन्हैया लहरे, दीपक सेन, झनक मंडावी, कृष्णा निर्मलकर, मना साहू, मनोज साहू, मनराखन कन्नौजे सहित ग्रामवासी उपस्थित हुए।

# नई सिंचाई योजना से करीब 41 गांव में लहलाराएगी फसल किसान लेंगे भरपूर उपज - अशोक देवांगन

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व तत्कालीन जिपं सदस्य व भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अशोक देवांगन ने कहा कि सुकुलदैहान क्षेत्र के दर्जनों गांव के करीब 41 गांव भण्डापुर, जगन्नाथपुर, बिजनापुर, मुढ़िया, तेंदूभाठा, बसंतपुर, केशली, चैतुखपरी, मनकी, खुड्मुडी, पुरेना, कोहियापुरी, जारवाही, ठेकवा, सिवनीकला, मोहारा, सहसपुर, सलटिकरी, अनिया, रूवातला, नवागांव, पेण्डरी, बिल्हारी, कसारी, बम्हनी, धनगांव, टिकरापारा टोला, सुकुलदैहान, गातापार, बागतराई, डिलापहरी, खपरीकला, धर्मापुर, ढाबा, बरगाही, लिटिया, रेंगाकठेरा, मोहबा, डारागांव, सिंगपुर, कन्हारडबरी के खेतों में नई सिंचाई योजना का भरपूर लाभ किसानों को निकट भविष्य में मिलने वाला है। श्री देवांगन ने बताया कि 242,77 करोड़ की लागत से 41 गांव के 1840 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा देने का लक्ष्य है। राज्य सरकार ने स्वीकृति दी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश धान की कटोरा कहे जाने वाले ईश्वर तुल्य अन्नदाता किसानों के चेहरे में चमक आ गई है।

श्री देवांगन ने आगे बताया कि सन 2000 से अशोक देवांगन पहली बार सरपंच बने तब से इस क्षेत्र की सिंचाई सुविधा के लिए हमेशा प्रयास कर रहे थे, किंतु 2020 में जिला पंचायत सभापति बनने के बाद इस मांग को जोरों से उठाया गया। इसी की परिणाम है कि आज यह राशि स्वीकृत हुई है। आज अथक प्रयास से 2025 में स्वीकृति मिली है। इस क्षेत्र को हमेशा ड्राई एरिया कहा जाता था। एक समय ऐसे भी अकाल पड़ा कि लोग अपने धान फसलों को सूखाग्रस्त होने के कारण जानवरों को फसल को चराने मजबूर हो गए और उसी समय दिल्ली से भी टीम अकाल ग्रस्त क्षेत्र को देखने सुकुल दैहान क्षेत्र के दौरा में आए थे। जिले के किसानों के लिए अच्छी खबर है। खैरागढ़ क्षेत्र के लमती फीडर डैम के माध्यम से 242.77 (दो सौ करोड़ बेयालिस करोड़ सस्तर लाख) रुपये से 41 गांवों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा।

विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के सतत प्रयास से सिंचाई परियोजना के विस्तार वाली




### कहा - किसानों को जो सिंचाई सुविधा कांग्रेस के शासनकाल में नहीं मिली वह भाजपा के शासनकाल में मिल रही है

योजना को वित्त विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। परियोजना के संबंध में जल संसाधन विभाग ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण परियोजना समिति के समक्ष किया। विभाग ने समिति को यह अवगत कराया कि यह डैम परियोजना खैरागढ़ छुईखदान-गंडई जिले के खैरागढ़ तहसील व ब्लाक के ग्राम लछनाटोला के समीप आमनेर नदी पर प्रस्तावित है। इस योजना से खैरागढ़, छुईखदान और गंडई क्षेत्र के दों गांवों के साथ राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव विधानसभा डोंगरगांव, विधानसभा, डोगरगढ़ विधानसभा के 41 गांवों को लाभ मिलेगा। इन 41 गांवों में से 10 गांव अत्यंत सूखाग्रस्त घोषित हैं। जहां किसान लंबे समय से जल संकट का सामना कर रहे हैं। इन गांवों में बम्हनी, धनगांव, सुकुलदैहान, गातापार, बागतराई, डिलापहरी, धर्मापुर, ढाबा, बरगाही टोला और लिटिया शामिल हैं। डॉ. रमन सिंह ने इस योजना की स्वीकृति को जिले सहित समूचे अंचल के किसानों के लिए महत्वपूर्ण फैसला बताया और कहा कि यह सिर्फ सिंचाई योजना नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने की एक ठोस पहल है। उनका सदैव प्रयास रहा है कि प्रत्येक गांव, प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचे और हर किसान के चेहरे पर संतोष की मुस्कान लौटे। इस डैम के निर्माण से 1840 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। इससे जहां धान, गेहूं, दलहन और सब्जियों की खेती को बढ़ावा मिलेगा। वहीं कृषि आधारित आजीविका पर आश्रित परिवारों को आर्थिक मजबूती भी मिलेगी। यह परियोजना न केवल जल संसाधन प्रबंधन में एक बड़ा कदम है, बल्कि 'समृद्ध गांव-सशक्त किसान' के संकल्प की दिशा में आधारशिला है। डॉ. रमन सिंह ने राज्य व केंद्र सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है। सुकुलदैहान क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के अभाव में किसानों को हो रही परेशानी से प्रशासन ही नहीं बल्कि शासन को भी अवगत कराकर ध्यानाकर्षण कराया जाता रहा।

तत्कालीन जिपं सदस्य व भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अशोक देवांगन की पहल पर सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महामंत्री प्रदेश भारत वर्मा, कोमल सिंह राजपूत जिला भाजपा अध्यक्ष के माध्यम से किसानों की मांगों को विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तक पहुंचाई गई। इसके लिए पहले बजट में प्रावधान किया। अब इसकी प्रशासकीय छग शासन जल संसाधन विभाग द्वारा 3 जुलाई को आदेश जारी किया गया। स्वीकृति के साथ ही सिंचाई परियोजना के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है।

# पहला कॉलम...

## तीसरे टेस्ट मैच को आईसीसी से नहीं मिली अब तक मंजूरी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की टीम अभी वेस्टइंडीज के दौरे पर है जिसमें उसे तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 12 जुलाई को किंग्सटन के सबाइना पार्क में खेलना है। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला डे-नाइट खेला जाएगा लेकिन इसको लेकर एक बड़ी मुसीबत सामने आई है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण सबाइना पार्क में चल रहे फ्लड लाइट के काम को लेकर हुई देरी है, जिसमें आईसीसी की तरफ से भी मुकाबला शुरू होने से पहले उसे मंजूरी मिलनी अभी बाकी है।

जमैका के सबाइना पार्क में पहली बार डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा, जिसको लेकर वहां पर नई फ्लड लाइट लगाई जानी थी। इस काम में देरी होने के चलते उसे लगा तो दिया गया है, लेकिन ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार किंग्सटन स्टैंड पर रौशनी पूरी तरह से मानकों के अनुसार नहीं है। जमैका क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डोनोवन बेनेट ने इस बात का भरोसा जताया है कि मुकाबले से पहले सारी चीजें ठीक कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का पूरा भरोसा है कि सब तैयारी हो जाएगी। मैं थोड़ा असहज हूं क्योंकि उम्मीद थी कि सारा काम समय पर हो जाएगा, लेकिन जब आप निर्माण का काम कराते हैं तो कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं जो हमारे मामले में फ्लड लाइट्स और स्कोरबोर्ड के मामले में हुआ।

## चीन ने राफेल की बिक्री घटवाने कई देशों में फैलाया झूठ

पेरिसः भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने एक और बेहद गंदा खेल खेला है, जिसके बारे में सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि भारत-पाक युद्ध के दौरान चीन ने कई देशों में अपने दूतावासों का इस्तेमाल करके राफेल लड़ाकू विमानों की बिक्री कमजोर करवाने के लिए बड़ा झूठ फैलाया। इस दौरान चीन ने फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों को खरीदने का सौदा कर चुके या इच्छुक देशों को दूतावासों के जरिये पाक के साथ युद्ध में भारत के राफेल विमानों के नुकसान होने का झूठ फैलाया। ऐसा झूठ फैलाने के पीछे चीन का मकसद अपने लड़ाकू विमानों को दूसरे देशों को खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना था। फ्रांसीसी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला है कि चीन ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए टकराव में राफेल विमानों की भूमिका देखने के बाद उनके प्रदर्शन पर संदेह फैलाने और फ्रांस के प्रमुख लड़ाकू विमान की प्रतिष्ठा गिराने और बिक्री को कमजोर करने के लिए दुनियाभर में अपने दूतावासों का उपयोग किया।

## ट्रंप की सुरक्षा में बड़ी चूक,एक नागरिक विमान प्रतिबंधित एयर स्पेस में घुस

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में सेंध लगने का मामला सामने आया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका की फर्स्ट लेडी और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप छुट्टियां मनाने न्यू जर्सी पहुंचे थे। इसी दौरान एक नागरिक विमान प्रतिबंधित एयर स्पेस में घुस आया। घटना शनिवार 5 जुलाई की है। जैसी ही प्रतिबंधित एयर स्पेस में विमान के दाखिल होने की जानकारी मिली वैसे ही अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड के लड़ाकू विमान ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विमान को इंटरसेप्ट कर रोक दिया। NORD के फाइटर डेट ने %हेडबट% रणनीति अपनाते हुए पायलट का ध्यान खींचा और विमान को प्रतिबंधित एयर स्पेस से बाहर निकाला। हैरानी की बात यह है कि दिन भर में पांचवां ्रस्न्र उल्लंघन था। यानी पांचवी बार कोई विमान प्रतिबंधित एयर स्पेस में दाखिल हुआ था।

## ज्योतिष चमत्कार ( 7 जुलाई 2025 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 32 | 40 | 56 | 66 |
| मंगल | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 48 | 54 | 68 | 70 |
| बुध | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 52 | 64 | 78 | 88 |
| गुरू | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 76 | 86 | 92 |
| शुक्र | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 74 | 84 | 96 | 04 |
| शनि | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 82 | 98 | 06 | 12 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 87 | 97 | 07 | 13 |
| मंगल | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 95 | 03 | 15 | 29 |
| बुध | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 01 | 17 | 25 | 37 |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 19 | 27 | 35 | 45 |
| शुक्र | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 21 | 31 | 47 | 59 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 2 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 4 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 7 | 8 | 9 |
| स्पेशल | 54 | 72 | 81 | 96 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 9 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 8 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 4 | 7 |
| स्पेशल | 18 | 26 | 43 | 76 |

**सप्ताह में देखें (कल्याण)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें (राजधानी नाईट)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | 70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

**कल्याण**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 89 | 40 | 76 | 44 | 75 |
| 07 | 42 | 48 | 33 | 72 | 34 |
| 53 | 81 | 81 | 48 | 31 | 64 |
| 06 | 14 | 02 | 15 | 89 | 75 |

**राजधानी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 89 | 87 | 16 | 47 | 46 |
| 07 | 10 | 52 | 60 | 13 |
| 41 | 45 | 18 | 29 | 04 |
| 98 | 43 | 25 | 10 | 87 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2024- 22-43-68-86

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 26-59-69-73-88

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# भारतीय टीम ने तोड़ा बर्मिंघम का तिलिस्म, टेस्ट में रनों के लिहाज से हासिल की अपनी चौथी बड़ी जीत



**बर्मिंघम।** भारतीय टीम ने बल्लेबाजों के बाद आकाश दीप की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में 336 रनों से हराया। भारत ने इस तरह पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। भारत के लिए यह बर्मिंघम में ऐतिहासिक जीत है क्योंकि इससे पहले टीम ने यहां पर कभी कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने बर्मिंघम का तिलिस्म तोड़ा और एजबेस्टन में तिरंगा लहरा दिया।

### भारत ने एजबेस्टन में रचा इतिहास

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष चार मैचों में वापसी करने की चुनौती थी। भारत का एजबेस्टन पर रिकॉर्ड अच्छा नहीं था। बर्मिंघम इंग्लैंड के उन तीन स्थलों में शामिल था जहां भारतीय टीम ने कभी जीत हासिल नहीं की थी। इस मैच से पहले बर्मिंघम में भारतीय टीम ने आठ मैच खेले थे जिसमें सात में उसे हार का सामना करना पड़ा था, जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा था। लेकिन गिल की अगुआई में भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए एजबेस्टन में इतिहास रच दिया।

### गिल बर्मिंघम में जीत दर्ज करने वाला पहले कप्तान

भारत को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर और नए टेस्ट कप्तान गिल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। लेकिन गिल ने हार नहीं मानी और इंग्लैंड के गढ़ कहे जाने वाले एजबेस्टन में जीत हासिल कर सीरीज में मजबूत वापसी की। गिल के नेतृत्व में भारत को पहली बार टेस्ट में जीत मिली। गिल एशिया के पहले कप्तान हैं जिन्होंने इंग्लैंड को बर्मिंघम में मात दी है।

### भारत की विदेश में सबसे बड़ी टेस्ट जीत

भारत की यह विदेश में रनों के लिहाज से टेस्ट में सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ नॉर्थ साउंड में 318 रनों से मैच जीता था। वहीं, रनों के लिहाज से टेस्ट में ओवरऑल उसकी चौथी बड़ी जीत है। गिल को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया है।

### डब्ल्यूटीसी में चौथे स्थान पर पहुंचा भारत

इस जीत के साथ भारत डब्ल्यूटीसी के नए चक्र (2025-27) की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। दो मैचों में पहली जीत के साथ उसके खाते में 12 अंक हो गए हैं और अंक प्रतिशत 50 का है। वहीं, इंग्लैंड इस हार के साथ 12 अंक और 50 अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गया। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया 12 अंक और 100 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है जबकि श्रीलंका और बांग्लादेश क्रमश- दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद छठे स्थान पर मौजूद है।

### आकाश दीप का दमदार प्रदर्शन

बारिश के कारण पांचवें दिन का खेल देरी से शुरू हुआ, लेकिन आकाश दीप ने इंग्लैंड को शुरुआत में ही दो झटके दिए। इसके बाद बेन स्टोक्स ने जैमी स्मिथ के साथ मिलकर पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी कर डाली। इस साझेदारी को वॉशिंगटन सुंदर ने स्टोक्स को आउट कर तोड़ा। स्टोक्स का विकेट गिरते ही लंच ब्रेक की घोषणा कर दी गई। दूसरे सत्र में हालांकि, भारत ने शेष चार विकेट लिए और मैच समाप्त कर दिया। भारत के लिए तेज गेंदबाज आकाश दीप ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दूसरी पारी में छह विकेट लिए। आकाश ने पहली पारी में चार विकेट लिए थे।

## यूक्रेन का रूस पर हवाई हमला, तबाह किए एयरबेस और फाइटर जेट्स

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों देशों के बीच अब भी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पिछले 2 दिन से रूस की सेना यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइल और ड्रोन अटैक कर रही है। इस हमले के जवाब में यूक्रेन की सेना ने रूस के सैन्य ठिकानों को टारगेट किया है। यूक्रेन की सेना ने मिसाइल अटैक करके एक और एयरबेस को तबाह किया। वहीं, फाइटर जेट्स भी गिरा दिए। बता दें कि दो दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप और राष्ट्रपति पुतिन के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। बातचीत में पुतिन ने ट्रंप से कहा कि वे यूक्रेन में अपने टारगेट नहीं छोड़ेंगे लेकिन सीजफायर के लिए बातचीत करने को तैयार है। इस बातचीत के बाद पुतिन ने आक्रामक रवैया दिखाया और सेना को कीव पर हमला करने का आदेश दिया।



बता दें कि यूक्रेन और रूस के बीच पिछले 3 साल से जंग चल रही है। रूस नहीं चाहता कि यूक्रेन ह्रञ्जह्र का सदस्य बने। इसलिए, रूस ने यूक्रेन को नाटो की मेंबरशिप मुद्दे से डाइवर्ट करने के लिए हमला किया। 22 फरवरी, 2022 से रूस के हमले जारी है और पलटवार करते हुए यूक्रेन की सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। न्यूज़-24 की ये रिपोर्ट देखिए और जानिए कि यूक्रेन की सेना ने कहां-कहां हमला किया।

## सड़क हादसा, बस-ट्रेलर की टक्कर में 6 लोगों की मौत और 18 घायल

मुजफ्फरगढ़। पाकिस्तान से एक बड़े सड़क हादसे की खबर सामने आई है। दरअसल, पंजाब के मुजफ्फरगढ़ में शनिवार को एक यात्री बस और ट्रेलर के बीच भीषण टक्कर हुई है। इस दर्दनाक हादसे में छह लोगों की मौत और 18 लोगों के घायल होने की जानकारी है। समाचार एजेंसी एएनआई ने एआरवाई न्यूज ने रिपोर्ट के हवाले से बताया कि टक्कर लंगर सराय इलाके के पास हुई। मृतकों में दो पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। ये घटना ऐसे समय पर हुई, जब ये यात्री बस झंग से अलीपुर जा रही थी।

इस दुर्घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, बस चालक की भी इस घटना में मौत हो गई है।

## नोवाक जोकोविच ने करियर में हासिल की एक और बड़ी उपलब्धि, विबंलडन में पूरा किया जीत का शतक



नई दिल्ली। विबंलडन 2025 में सर्बिया के 38 साल के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का अब तक टेनिस कोर्ट पर काफी शानदार फॉर्म देखने को मिला है। 5 जुलाई को नोवाक जोकोविच ने अपने हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच के खिलाफ तीसरे राउंड के मुकाबले में सीधी जीत दर्ज करने के साथ करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। जोकोविच अब विबंलडन के इतिहास में 100 मैच जीतने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

नोवोका जोकोविच ने विबंलडन के तीसरे दौर में मिओमिर केकमानोविच के खिलाफ खेले गए मुकाबले को 6-3, 6-0 और 6-4 से अपने नाम करने के साथ अगले राउंड में अपनी जगह को पक्का किया। जोकोविच की भिड़ंत 11वें नंबर के एलेक्स डी मिनाउर से होगी। वहीं विबंलडन के इतिहास में नोवाक जोकोविच से पहले 9 बार विंबलडन सिंगल्स चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 मैच जबकि आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 सिंगल्स मुकाबले जीते थे, जिसमें जोकोविच का नाम भी शामिल हो गया है।

जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। पिछले 8 सालों से जोकोविच का विबंलडन में जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला है। जिसमें वह इस दौरान सिर्फ कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ ही मुकाबला हारे हैं। जोकोविच ने अपनी इस उपलब्धि को लेकर कहा कि मैं अपने सबसे पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी रिकॉर्ड बनाऊंगा, उसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं। युकी भांबरी विंबलडन 2025 में अपने अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ पुरुष डबल्स इवेंट में प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। 16वीं रैंकिंग प्राप्त इस जोड़ी ने दूसरे राउंड में पुर्तगाल की नूनो बोर्गेस और मार्कोस गिरोन की जोड़ी का सामना किया था, जिसमें उन्होंने इस मैच को 6-3 और 7-6 (8-6) से अपने नाम किया।

## ट्रंप के टैरिफ पर नया अपडेट, एक अगस्त से 100 देशों पर फूटेगा टैरिफ बम




नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ पर बड़ा अपडेट आया है, जिसकी पुष्टि अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने की है। वहीं वीकेंड मनाने के लिए न्यू जर्सी जाते समय मीडिया से इंट्रैक्शन में ट्रंप ने भी टैरिफ को लेकर बड़ी जानकारी दी। दरअसल, एक अगस्त 2025 से ट्रंप 100 और देशों पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं। ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ पर 90 दिन की छूट देशों को दी थी, जिसकी समयाविध 9 जुलाई 2025 को खत्म हो रही है। इससे पहले खबर आई है कि ट्रंप भारत समेत दुनियाभर के करीब 100 देशों से आयात पर नया ट्रंप टैरिफ लागू करेंगे, जो करीब 10 फीसदी होगी। 12 से ज्यादा देशों पर करीब 12 फीसदी टैरिफ लगेगा। जिन देशों पर एक अगस्त से टैरिफ लगेगा, उनकी लिस्ट में भारत, जापान और यूरोपीय यूनियन का नाम भी शामिल है। 2 अप्रैल 2025 को ट्रंप रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान किया गया था।

अमेरिकन ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट के अनुसार, दुनियाभर में कुल 195 देश हैं। होली सी (वेटिकन सिटी) और फिलिस्तीन को छोड़कर 193 देश संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं। किस देश पर एक अगस्त 2025 से टैरिफ लगेगा, यह तो नहीं बात सकते, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप 10 से ज्यादा देशों के लिए ट्रेड डील लेटर साइन कर चुके हैं। लेटर पर साफ तौर पर मेंशन किया गया है कि प्रपोजल च्स्वीकार करें या छोड़ देंज् और इस अल्?टीमेटम के साथ सोमवार का लेटर भेज दिए जाएंगे। बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 2 अप्रैल को लागू किए गए रेसिप्रोकल ट्रैरिफ के तहत भारत से आयात होने वाले सामान पर 26-27त्न टैरिफ लगाया और इसके लिए ट्रंप ने दावा किया कि भारत अमेरिका के सामान पर 100त्न टैरिफ लगाता है तो अमेरिका ने तो सिर्फ चौथे हिस्से का टैरिफ लगाया।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम का लंदन के इंडिया हाउस में भव्य स्वागत



लंदन। टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड के दौरे पर आई भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यहां इंडिया हाउस में एक समारोह में भव्य स्वागत किया गया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम और मुख्य कोच अमोल मजूमदार के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ शनिवार शाम को भारतीय उच्चायोग के प्रांगण में आयोजित समारोह में शामिल हुए। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर दोरईस्वामी ने कहा, %उन्होंने जो किया है, वह खेलों में क्रांति लाने वाला है और यह भारत में हर चीज में भागीदारी के विचार में क्रांतिकारी बदलाव है।% उन्होंने टीम को संबोधित करते हुए कहा, %ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके बारे में भारत की युवा महिलाएं सोचती हैं कि वे ऐसा नहीं कर सकती हैं, क्योंकि आप और क्रिकेट खिलाड़ियों की एक पुरानी पीढ़ी ने ऐसा किया है। आपके पास जादू है और आप मैदान पर जहां भी खेलती हैं, इसे हमारे साथ साझा करती हैं, जिसके लिए हम बहुत-बहुत आभारी हैं।%

दोरईस्वामी ने कहा, %जब आप हमारी क्रिकेट टीम, हमारी हॉकी टीम या हमारी किसी भी खेल की टीम को देखेंगे तो पाएंगे कि यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करती हैं। ये सिर्फ़ हमारी बेहतरीन खिलाड़ी ही नहीं हैं, बल्कि ये वो लड़कियां हैं जो हमारे देश के हर कोने से भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं।% ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने फिल्म शोले का गीत ये दोस्ती हम नहीं तोडेंगे गाकर लोगों का मन लुभाया जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना ने श्रृंखला के बाकी बचे मैच देखने के लिए स्टेडियम में आने की अपील की।

***चिराग के ऐलान से टेंशन में आई बीजेपी-जेडीयू...***

वर्मा ने कहा कि प्रदेश में एनडीए गठबंधन में एकता बनी रहेगी।

पहले भी कर चुके हैं बिहार आने का ऐलान : बता दें कि बिहार आने का केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पहले भी बयान दे चुके हैं। उन्होंने कहा था कि वह बिहार के हित और बिहार फर्स्ट्, बिहारी फर्स्ट÷ के अपने विजन को पूरा करने के लिए विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। आरा में एक रैली में चिराग ने घोषणा की कि वह निश्चित रूप से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन यह बिहार और बिहारियों के लिए होगा, न कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि वह किस सीट से लड़ेंगे, यह जनता और उनकी पार्टी तय करेगी, और उनकी पार्टी सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

***आज से भाजपा का प्रशिक्षण शिविर, जेपी नड्डा-अमित...***

अखिलेश सोनी, कलेक्टर व एसपी सहित पूरा प्रशासनिक अमला मैनपाट पहुंचा और वहां प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लिया. भाजपा ने अपने प्रशिक्षण वर्ग के लिए उपयुक्त जगह का चयन किया है, क्योंकि मैनपाट में आने वाले विधायक सांसदों के कारण सैकड़ों की संख्या में लोग आएंगे. इससे ना सिर्फ आने वालों को प्रकृति के बेहतर नजारे दिखेंगे, बल्कि मैनपाट के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा.

**छत्तीसगढ़ का शिमला कहलाता है मैनपाट:** मैनपाट एक ऐसा पर्यटन स्थल है, जिसे छत्तीसगढ़ का शिमला कहा जाता है. यहां प्रकृति के अद्भुत नजारों के साथ साथ, दलदली और उल्टा पानी जैसे रहस्यमयी स्थल भी हैं.

***साइबर फ्रॉड रैकेट का मास्टर माइंड गिरफ्तार :....***

**5 चीनी नागरिकों के नाम भी आए सामने :** आरोपी अभिषेक अग्रवाल को लुकआउट सर्कुलर पर ट्रैक कर पकड़ा गया. पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल, पासपोर्ट, कैश और एप्पल वॉच बरामद की है. उत्तराखंड एसटीएफ की टीम ने तकनीकी विश्लेषण से आरोपी को ट्रैक किया. आरोपी ने पूछताछ में इस मामले से जुड़े चीन के पांच मास्टरमाइंड्स के नाम भी बताए हैं. पहले इसी रैकेट में गुड़गांव से अंकुर ढींगरा गिरफ्तार हो चुका है. वहीं महाराष्ट्र के औरंगाबाद में स्ञ्जस्न ने फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारा था.

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

***बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर राजद सुप्रीम कोर्ट....***

आयोग के 24 जून को जारी आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। आदेश के तहत बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है, जो संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1)(ए), 21, 325, 328 व जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है। महुआ ने अपनी याचिका में कहा, अगर इस आदेश को रद्द नहीं किया गया, तो यह देश में बड़े पैमाने पर पात्र मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर सकता है, जिससे लोकतंत्र, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कमजोर हो सकते हैं। महुआ ने शीर्ष अदालत से भारत निर्वाचन आयोग को देश के अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण के इस तरह के आदेश जारी करने से रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया।

अधिवक्ता नेहा राठी के माध्यम से दायर की गई इस याचिका में कहा गया, देश में यह पहली बार है कि ईसीआई द्वारा इस तरह का अभ्यास किया जा रहा है, जहां उन मतदाताओं से अपनी पात्रता साबित करने के लिए कहा जा रहा है, जिनके नाम पहले से ही मतदाता सूची में हैं या पहले भी कई बार मतदान कर चुके हैं। यह आवश्यकता अनुच्छेद 326 के विपरीत है और संविधान के आरपी अधिनियम 1950 द्वारा परिकल्पित नहीं की गई बाहरी योग्यताएं पेश करती है। बता दें कि इस मामले में गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' ने भी एक याचिका दायर कर चुका है, जिसमें बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश को चुनौती दी गई है।चुनाव आयोग ने 24 जून को बिहार में एसआईआर करने के निर्देश जारी किए थे, जिसका उद्देश्य अपात्र नामों को हटाना और यह सुनिश्चित करना था कि केवल पात्र नागरिक ही मतदाता सूची में शामिल हों। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

***पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने नहीं खाली....***

और होटल उपयुक्त नहीं लगे। इसलिए खाली नहीं कर पाया। इससे सुप्रीम कोर्ट प्रशासन को भी सूचित किया था। पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने यह भी बताया कि उन्होंने 28 अप्रैल को सीजेआई संजीव खन्ना को पत्र लिखा था। जिसमें 30 जून तक बंगले में रहने की अनुमति मांगी थी, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

**लाइसेंस फी और परमिशन की अवधि :** पूर्व सीजेआई को 11 दिसंबर 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक बंगले में रहने की अनुमति मिली थी। इस पर हर माह 5,430 रु. की लाइसेंस फीस तय की गई, लेकिन 30 अप्रैल से 6 जुलाई तक वे बिना स्वीकृति के बंगले में रह रहे हैं।

**क्यों जरूरी है बंगला खाली कराना? :** सुप्रीम कोर्ट में अभी 33 जज कार्यरत हैं, जबकि अधिकृत संख्या 34 है। इनमें से 4 जजों को अब तक सरकारी आवास नहीं मिल पाया। इनमें से तीन जज ट्रांजिट अपार्टमेंट और एक स्टेट गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन 5, कृष्ण मेनन मार्ग बंगला वापस लेकर नए जजों को आवंटित करना चाहता है।

**दो सीजेआई ने नहीं लिया बंगला :** दिलचस्प बात यह है कि सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल पूरा हो गया। उन्होंने बंगला नहीं लिया। अब वर्तमान सीजेआई बीआर गवई अपने पुराने बंगले में रह रहे हैं। यही कारण है कि पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने अब तक बंगला खाली नहीं किया।

***छग में जो भ्रम फैलाया जा रहा है, वह सच्चाई...***

पर सवालों को लेकर उन्होंने साफ कहा- 'भारतीय जनता पार्टी चाहे जितनी खबरें प्लांट कर ले, कांग्रेस में एकजुटता बनी रहेगी.'

**बीजेपी पर हमला :** इस दौरान सचिन पायलट ने प्रदेश की बीजेपी सरकार पर हमला करते हुए कहा- 'बीजेपी जिन वादों के साथ सत्ता में आई थी, उस पर खरी नहीं उतरी. कानून व्यवस्था चरमराई है, जनता परेशान है और अब लोगों का सरकार से विश्वास उठने लगा है.' साथ ही बीजेपी के प्रशिक्षण शिविर पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा- 'बीजेपीअपनी मर्जी से कुछ भी करे, लेकिन जब प्रदेश उनके हाथ में है तो जवाबदेही भी उनकी ही बनती है.

**पीएम मोदी पर साधा निशाना :** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा-'जब जनता सवाल करती है तो बीजेपी जवाब नहीं देती. उनके प्रधानमंत्री विदेश यात्राओं में व्यस्त रहते हैं.'

# आज के दौर में बढ़ा साहित्यकारों का दायित्व, चऊमास पर पुरवाही की गोष्ठी सम्पन्न



छुरिया (दावा)। पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा छुरिया के तत्वावधान में मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का आयोजन पुरवाही के सचिव हेमलाल सहारे के संयोजन में कोमल सिंह गुरुजी के निज निवास छुरिया में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित था। प्रथम सत्र में परिचर्चा जिसमें विषय था- 'छत्तीसगढ़ी गीत-कविता म चउमास के वर्णन' तथा द्वितीय सत्र में काव्यपाठ।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन-वंदन अबीर-गुलाल तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर हुई। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. गजेंद्र हरिहारनो 'दीप' वरिष्ठ गीतकार डोंगरगांव थे अध्यक्षता शेरसिंह गोड़िया वरिष्ठ गीतकार कोलियारी ने किया। अतिविशिष्ट अतिथि प्रभात तिवारी वरिष्ठ कवि राजनांदगांव, विशेष अतिथि महेंद्र बघेल 'मधु' वरिष्ठ कवि डोंगरगांव, वीरेंद्र तिवारी 'वीरू' वरिष्ठ कवि अर्जुनी, डॉ. इकबाल खान 'तन्हा' वरिष्ठ साहित्यकार मोहला, लखन साहू 'लहर' वरिष्ठ कवि मोखला, ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' संयोजक पुरवाही तथा आधार वक्तव्य हेमलाल सहारे सचिव पुरवाही का रहा। प्रथम सत्र का कुशल संचालन दिनेश कुरेटी 'दिलेर' वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि बूचाटोला ने की। परिचर्चा में अतिथियों द्वारा चऊमास के महत्व और विशेषताओं पर बारी-बारी से विस्तृत चर्चा की। चऊमास वर्षाकाल का चार माह का महत्वपूर्ण समय होता है, जिसमें सभी जीवों की जीविका की व्यवस्था प्रकृति के द्वारा की जाती है। यह काल किसानों के लिए विशेष महत्व का है, जो अपने कड़ी मेहनत से अन्न उपजा कर देश के लिए भोजन की व्यवस्था करता है। इस परिचर्चा में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कवियों की चऊमास पर रचित कविताओं की भी चर्चा की गई। तथा वक्ताओं ने कहा आज के दौर में साहित्यकारों का दायित्व समाज के प्रति बढ़ गया है।

द्वितीय सत्र में उपस्थित राजनांदगाँव व मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले के दो दर्जन से अधिक कवियों द्वारा सरस काव्यपाठ किया गया। इन कवियों ने विभिन्न रसों से ओतप्रोत रचनाएं पढ़ी। जिसमें किसान,असाढ़, सावन, भादो, छत्तीसगढ़ी संस्कृति, प्रकृति चित्रण, पेड़ बचाव, पानी, प्रेम-गीत, हास्य-व्यंग्य, प्रेरणा गीत के साथ वर्तमान में समाज की भयावह स्थिति जैसे विषय शामिल रहे। इस सत्र की अध्यक्षता अरविंद कुमार लाल वरिष्ठ गीतकार चिचोला ने तथा काव्यगोष्ठी का सरस संचालन ग्वाला प्रसाद यादव 0नटखट' अध्यक्ष पुरवाही ने की।

इस गोष्ठी में डॉ. गजेंद्र हरिहारनो 'दीप', प्रभात तिवारी, शेरसिंह गोड़िया, महेंद्र बघेल 'मधु', अरविंद कुमार लाल, वीरेंद्र तिवारी 'वीरू', डॉ. इकबाल खान 'तन्हा', लखन साहू 'लहर', ओमप्रकाश साहू 'अंकुर', नंदकुमार 'नीरव', रामकुमार चंद्रवंशी, ग्वालाप्रसाद यादव 'नटखट', दिनेश कुरेटी 'दिलेर', कुलेश्वर साहू, डोहर साहू, मदन मंडावी, कोमलसिंह गुरु, रमेश मंडावी 'नित', लेखराम वर्मा, अलखराम यादव, नंदकुमार साहू 'नादान', जसवंत कुमार मंडावी, पुनाराम सिन्हा तथा हेमलाल सहारे ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से कविता की रसधार बहाकर सराबोर कर दिया। इस गोष्ठी में रामाधीन साहू, गजेन्द्र चौधरी, गंगादेवी गुरु, गुंजन गुरु, मीनू साहू, रिया देवांगन, लोचन साहू नेमा सहारे, रेवती कोचे, किशन कोचे, मानसी साहू, हेमा चंद्रवंशी, नुकिता मानिकपुरी, महेश्वरी अंतिम समय तक बैठे रहे।

अंत में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध हास्य कवि स्व.सुरेंद्र दुबे को सादर श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। पश्चात सभी साहित्यकारों को श्रीफल व पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन द्वारा विरोध प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन के आव्हान पर दुर्ग जिले मे भी कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा के द्वारा कर्मचारीयों के स्वाभिमान पर आघात करने के विरुद्ध दिनांक 07 जुलाई 2025 दिन सोमवार को भोजन अवकाश (दोपहर 1.30 बजे) के समय माननीय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन/उपमुख्यमंत्री /गृह मंत्री जी छ.ग. शासन/राजस्व मंत्री छ.ग. शासन/मुख्य सचिव जी छ. ग. शासन के नाम विरोध ज्ञापन सोपेगा, साथ ही कलेक्टर कबीरधाम के विरुद्ध सिविल सेवा आचरण नियम के तहत कर्मचारीयों के साथ दुर्व्यवहार एवं अपमानजनक कृत्य के लिए उनको हटाने निष्पक्ष जांच की मांग करेगा। उक्त जानकारी छ. ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन के संभागीय संयोजक राजेश चटर्जी, फेडरेसन के जिला संयोजक विजय लहरे. फेडरेसन प्रवक्ता अनुरूप साहू तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष भानु प्रताप यादव द्वारा संयुक्त रूप से लिखित मे दिया गया।

# छात्रावासों एवं आश्रमों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत निकाली गई जनजागरुकता रैली



मोहला (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन में जिले में संचालित सभी छात्रावासों एवं आश्रमों में आज जन जागरूकता रैली निकाली गई। छात्रावास एवं आश्रमों के विद्यार्थियों ने गांव की गलियों में रैली निकाल कर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनजाति समाज के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं से नागरिकों को जोड़ने का प्रयास किया। उत्साह पूर्वक माहौल में छात्रवासी छात्र-छात्राओं ने धरती आबा योजना अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की कृतित्व को रेखांकित किया। छात्रावास एवं आश्रम के छात्र-छात्राओं ने जनजाति समाज के गौरवमयी इतिहास को भी प्रदर्शित किया।

उल्लेखनीय है की धरती आबा योजना अंतर्गत जनजाति समाज को सुदृढ़ करने और समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से वंचित नागरिकों को लाभान्वित करने का एक सफल प्रयास किया जा रहा है। जिले में विभिन्न कलस्टर स्तर पर शिविर का आयोजन किया जाकर जनजाति समाज के ऐसे नागरिक जो विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हैं, उन्हें लाभान्वित करने का कार्य विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। धरती आबा योजना अंतर्गत जनजाति समाज के अनेक नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने में एक कारगर मदद मिल रहा है।

# पुरेना में छात्र संघ का गठन लोकतांत्रिक तरीके संपन्न

छुईखदान (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला पुरेना संकुल केन्द्र घिरघोली विकासखंड छुईखदान जिला केसीजी छत्तीसगढ़ में शनिवार 05 जुलाई को प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन एवं सहायक शिक्षक गोकुल राम वर्मा के मार्गदर्शन में खेल मैदान में सभी बच्चों की सहमति से योग की कक्षा के बाद प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा छात्र संघ का गठन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी पसंद के पदाधिकारियों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से हाथ उठाकर सहयोग करने हेतु अपनी सहमति दी। जिसमें शाला नायक रोमा वर्मा, उप शाला नायक खेम कुमार वर्मा, कक्षा नायक कक्षा पहली तियांशु जंघेल एवं उप कक्षा नायक देवांशी, कक्षा दूसरी में कक्षा नायक विराट कुमार वर्मा एवं उप कक्षा नायक दिशा धुर्वे, कक्षा तीसरी में कक्षा नायक साहिल कुमार जंघेल एवं उप कक्षा नायक गीताजंली जंघेल, कक्षा चौथी में कक्षा नायक भुनेश्वरी जंघेल एवं उप कक्षा नायक देवा जंघेल, कक्षा पांचवी में कक्षा नायक किशन जंघेल एवं उप कक्षा नायक चांदनी वर्मा को बनाया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी पूनम जंघेल, वर्षिका जंघेल, एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण प्रभारी रूपेश जंघेल, देवा धुर्वे, स्वच्छता अभियान प्रभारी हसीना जंघेल, कामनी जंघेल, मध्यान्ह भोजन प्रभारी हरीश खरे, कौशल जंघेल, खेलकूद प्रभारी भावेश धुर्वे एवं समीर जंघेल, शिक्षा विभाग प्रभारी प्रवीण जंघेल, लावन्या जंघेल, सरस्वती पूजन, हरीश खरे, किशन जंघेल को जिम्मेदारी दी गई। प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन ने शपथ ग्रहण कराया एवं गोकुल राम वर्मा ने सभी पदाधिकारियों को तिलक लगाकर सम्मान किया। एक दिव्यांग बच्ची वंशिका जंघेल को शाला में प्रवेश दिलाने पर उन्हें कुर्सी में बिठाकर उनका स्वागत गोकुल राम वर्मा ने गुलाल लगाकर किया।

# जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की मौजूदगी में शाला प्रवेश उत्सव व नवीन भवन का लोकार्पण सम्पन्न

**खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के छुईखदान ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरच्चा के आश्रित ग्राम झिरिया में शाला प्रवेश उत्सव एवं 11 लाख 20 हजार रुपये की लागत से नवनिर्मित शाला भवन के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण समारोह गरिमामय रूप से आयोजित किया गया। इस लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत किया।**

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित हुए, वनांचल क्षेत्र में उनके आगमन पर सरपंच भुवन नेताम के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। तत्पश्चात फीता काटकर नवीन भवन के अतिरिक्त कक्ष का विधिवत लोकार्पण किया गया। उसके बाद छात्रों को गणवेश व पुस्तकें वितरण कर नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का हुआ स्वागत।

इस अवसर पर प्राथमिक शाला के बच्चों को गणवेश और पाठ्यपुस्तकें अतिथियों द्वारा वितरित की गईं। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक कर और मुँह मीठा करा कर आत्मीय स्वागत किया गया। शाला प्रवेश उत्सव की भावना को जीवंत करते हुए विक्रांत सिंह ने इसके महत्व पर प्रकाश डाला और सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया।



वनांचल क्षेत्र देवरच्चा आश्रित ग्राम झिरिया में हुआ आयोजन

## 0 ग्रामवासियों ने जताया आभार, किया विकास संवाद

नवीन भवन के निर्माण से प्रसन्न ग्रामवासियों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विक्रांत सिंह ने ग्रामीणों व विशेष रूप से महिलाओं से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। महिलाओं ने बताया कि उन्हें महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रुपये मिल रहे हैं, जिससे वे बेहद संतुष्ट हैं।

## महतारी वंदन योजना को सराहा

महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित राज्य सरकार और मंत्रिमंडल का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना उनके जीवन में आर्थिक संबल के रूप में उभरी है। उन्होंने इस योजना को 'असली महिला सशक्तिकरण' की दिशा में अहम कदम बताया।

## अधिकारी और शिक्षक रहे मौजूद

समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेंद्र डड़सेना, गणेश राम ग्राम पटेल, गुहराराम, रोहित कंवर, अलियार धुर्वे, पदुम चंद्रवंशी, चंद्रकृपाल, रामरतन, मंथराम यादव शिवकुमार, पुनाराम, देसीनी नेताम, पंचगण चंद्रकला, देवकी कंवर, अनीता धुर्वे, देवकी धुर्वे, रमेश मांडवी, रमन सिंह कंवर, राजकुमार कंवर, पुष्पा मंडावी, सुमित्राबाई कंवर, जमुना बाई, वकीलराम, ताराबाई हरीश कुमार चंद्रवंशी, सुरेंद्र कुमार कंवर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## शिक्षा और विकास के संगम का साक्षी बना झिरिया ग्राम

इस कार्यक्रम में न केवल शैक्षणिक वातावरण को प्रोत्साहित किया, बल्कि ग्रामीण विकास व महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सार्थक संवाद स्थापित किया।

# स्वामी विवेकानंद का जीवन हर युवा के लिए प्रेरणा स्रोत - विजय मानिकपुरी




राजनांदगांव (दावा)। कॉनफ्लूएन्स कॉलेज की विस्तार गतिविधि के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एलूमनी एसोसिएशन और शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय पारीकला के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर पुष्पांजलि किया गया। विवेकानंद ने हमारे इतिहास और सांस्कृतिक विरासत में गर्व और आत्मविश्वास की भावना जगाई है।

प्रोफेसर विजय मानिकपुरी (कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना) ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हर युवा के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने अपने जीवन में जो उपलब्धियां अर्जित की है, वह केवल उन तक सीमित नहीं रहे, बल्कि भारत और देशवासियों के लिए भी सम्मान योग्य बन गई। आज स्वामी की पुण्यतिथि है। जिस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि एवं पुष्प अर्पित किया गया है। साथ ही उन्हें उनके बताए हुए रास्ते पर चलने हेतु संकल्प लेते हुए रैली के माध्यम से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भी किया गया है।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद राष्ट्र सेवा के संकल्प को साकार करने के लिए श्रेष्ठ आदर्श की प्रेरणा देकर अपने युवाओं का मार्गदर्शास्त्र किया। उनके विचार आज भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रेरणा स्रोत भी स्वामी विवेकानंद है। आज छात्रों ने गोद ग्राम में उनके विचारों को प्रेषित किया। स्कूल के छात्रों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। शिक्षकों ने और अध्यापकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्वामी जी हमेशा कहते थे कि विश्व एक व्यायाम शाला है। जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं। शासकीय माध्यमिक शाला के प्राचार्य डॉ. विष्णु शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के ऐसे आध्यात्मिक गुरु थे। जिनके विचार तक और भाषण का देश ही नहीं दुनिया ने भी लोहा माना है। शिकागो में हुए सम्मेलन में जब उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत मेरे प्यारे भाई और बहनों से किया था तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा था। उनके अनमोल विचार आज भी युवाओं और बच्चों को प्रेरित करते हैं।

# सहकारिताएं एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है - शशिकांत द्विवेदी



डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने आज अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 6 जुलाई 2021 को अलग से सहकारिता मंत्रालय की स्थापना केंद्र सरकार द्वारा की गई ।और तब से लेकर आज तक जो पैक्स केवल खाद और बीज बेचने का काम करते थे और प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां किसानों को ऋण देने का काम करती थी, आज वह बहुउद्देशीय सहकारी समितियों का रूप ले चुकी है। सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए सहकारिता मंत्रालय ने 60 मुख्य पहलें प्रारंभ की है ।जिससे देश की सहकारी समितियों को अपने आर्थिक विकास एवं विस्तार की नई संभावनाएं मिल रही है। सहकार से समृद्धि की परिकल्पना साकार करने सहकारिता मंत्रालय के द्वारा विभिन्न पहलुओं को लागू किया गया है।

देश के सभी पैक्स को कंप्यूटरीकरण के माध्यम से सुदृढ़ीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आगे चलकर 2029 तक सभी पंचायतों में कोई न कोई सहकारी समिति के निर्माण के लक्ष्य को लेकर कार्य किया जा रहा है। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनादगांव के संचालक शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देशन में सहकारिता मंत्रालय देश में सहकारी आंदोलन को सशक्त करने के लिए एक अलग से प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा, संरचना प्रदान करने में लगा हुआ है। इसका उद्देश्य सहकारी समितियों को जन आधारित आंदोलन के रूप में जमीनी स्तर पर पहुंचाना है। प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने बताया कि अब पैक्स के आर्थिक सुधार के लिए कंप्यूटरीकरण, प्रत्येक पंचायत में बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी, मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना का काम चल रहा है। कॉमन सेवा केंद्र (सीएससी सेंटर) के साथ ही साथ एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर, पेट्रोल डीजल पंप की डीलरशिप, जन औषधि केंद्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र और पानी समिति के रूप में पैक्स का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रकार पैक्स के द्वारा नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) तथा मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों का भी गठन पैक्स द्वारा संचालित किया जा रहा है। पैक्स द्वारा संचालित कंज्यूमर पेट्रोल पंप को रिटेल आउटलेट में बदलने की अनुमति, बैंक मित्र सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम एवं किसान क्रेडिट कार्ड के रूप में पैक्स आदि योजनाओं का वितरण किया जा रहा है। साथ ही सहकारी समितियों के लिए आयकर पर लगने वाले अधिभार की कटौती की गई है। सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकारी समितियों को मजबूती प्रदान करने के लिए किसानों के हित में नगद जमा राशियों तथा नगद ऋण की सीमा में बढ़ोतरी कर सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को तथा सदस्यों को राहत पहुंचाई जा रही है। नए राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। श्री द्विवेदी ने बताया कि अब सहकारी समितियों में सीएससी सेंटर, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने का भी कार्य किया जा रहा है।

देश के सभी पैक्स को कंप्यूटरीकरण के माध्यम से सुदृढ़ीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है

सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारी क्षेत्र में क्षमता निर्माण और सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना का निर्णय ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल है यह विश्वविद्यालय सहकार, नवाचार और रोजगार की त्रिवेणी को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने बताया कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के माध्यम से देश के सभी राज्यों में कोई न कोई सहकारी प्रशिक्षण केंद्रों को संबद्ध कर त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से जोड़ा जाएगा और छात्रों को पीएचडी, मास्टर डिग्री आदि दी जाएगी जिससे सहकारी संस्थाओं में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# 41 वर्षो की लंबी सेवा अवधि में अपने सरल-सहज स्वभाव के साथ कर्तव्यनिष्ठा के लिए रहे समर्पित रहे तिवारी - प्राचार्य



जो व्यक्ति जन्म लिया है उसका मरना तय है, उसी प्रकार सभी को शासकीय सेवा में सेवानिवृत्त होना पड़ता है- संजय तिवारी

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 41 वर्ष 8 माह की लंबी सेवा पूर्ण कर अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर भौतिक शास्त्र विभाग में प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर पदस्थ रहे संजय कुमार तिवारी 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवा निवृत्ति अवसर पर उन्हे महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर एवं वर्तमान प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती सहित समस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति में उनका बिदाई समारोह आायोजित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में तिवारी को तिलक लगाकर, माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने श्री तिवारी के साथ अपने अनुभव का साझा करते हुए उनके सरल, सहज, मिलनसार एवं कर्मठ कार्यशैली की प्रशंसा की।

महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर ने कहा कि श्री तिवारी अपने सरल-सहज स्वभाव के साथ-साथ अपने पूरे सेवाकाल में समय के पाबंद रहे। साथ ही महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर दिये गये दायित्वों एवं महाविद्यालय के सभी कार्यो में उनकी उत्कृष्ट सेवा की सराहना की। इसी प्रकार प्राचार्य डॉ. रेवती ने कार्यकाल के दौरान उनके साथ अपने कार्य के अनुभव साझा करते हुए उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की एवं कर्तव्य के प्रति निष्ठा की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन व दीधार्यु की कामना की।

कार्यक्रम के अंत मे श्री तिवारी ने अपने 41 वर्ष 8 माह के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जो व्यक्ति जीवन में आया है उसे एक दिन मरना है, उसी प्रकार शासकीय सेवा आने पर एक दिन सेवा निवृत्त होना पड़ता है। उन्होने उक्त सम्मान आयोजित करने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य सहित पूर्व प्राचार्य डॉ.के.एल. टाण्डेकर व समस्त महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर मोमेन्टो, शाल एवं श्रीफल देकर श्री तिवारी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहा.प्राध्या. डॉ. श्रीमती आशा चौधरी, डॉ. आर.आर.कोचे, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, ओ.पी.वर्मा, एच.आर.पदमें, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, कर्मचारीगण नितिन शांडिल्य, केजी सोनकर, सुशील सोनवानी, संदीप गजभिये, चित्रा खोब्रागढ़े आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. जी.के. यादव ने किया।

# छत्तीसगढ़ बना अपराध का गढ़, संस्कारधानी बनी अपराध धानी- शमसूल आलम

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध को लेकर अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसूल आलम ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में प्रदेश अपराधों का गढ़ बन गया है और संस्कारधानी राजनांदगांव अब अपराध धानी बनती जा रही है।

शमसूल आलम ने कहा कि राज्य के गृहमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यह क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष का भी है, इसके बावजूद चाकूबाजी की घटनाएं आम हो गई हैं, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आमजन असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण इलाकों में खुलेआम फायरिंग हो रही है, नशे के कारण युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है और भाजपा सरकार नशे को आय का स्रोत बनाकर देख रही है। शमसूल ने कहा कि शराब, गांजा और नाइट्रोटेन जैसी नशीली वस्तुएं आज युवा वर्ग में तेजी से फैल रही हैं, लेकिन सरकार की चुप्पी चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग में पूर्व में भ्रष्टाचार में लिप्त रहे अधिकारी अब भी प्रभावशाली पदों पर बने हुए हैं, जिनका नेटवर्क पूरे प्रदेश में फैला हुआ है। राजनांदगाव मे शराब दुकान मे मैनपावर सप्लाई करने की कंपनी राजदीप इंटरप्राजेस और उनके लोकेशन अफसर अभिषेक रंजन कोचियाप्रथा को बढ़ावा देने का काम कर रहा है और अवैध व्यापार पर सरकार अंकुश लगाने में विफल रही है।

प्रदेश अध्यक्ष शमसूल आलम ने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में न केवल आम नागरिक बल्कि जनप्रतिनिधि तक सुरक्षित नहीं हैं। कई जिलों में कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं मिला है, जो सरकार की असफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और अवैध नशे के कारोबार पर प्रतिबंध लगाने की मांग करेंगे। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो अजीत जोगी युवा मोर्चा प्रदेशभर में आंदोलन करेगा।

शमसूल आलम ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही प्रदेश में शांति बहाल नहीं हुई, तो मोर्चा अपने सभी जिलाध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री निवास के समक्ष प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लॉ एंड ऑर्डर को फिर से मजबूत करने के लिए सरकार को कठोर निर्णय लेने होंगे, वरना जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी।

# सीएसआर मद से हो रहे कार्यों की विश्वसनीयता कितनी ?

0 निगरानी रखने का क्षेत्राधिकार कम्पनी रजिस्ट्रार के साथ कलेक्टर को भी!
0 कार्य एजेंसियां उदयाचल, जन जागृति सं. ( मथुरा ), वसुधा फांउडेशन, आल वालेंटरी एसो. फाउंडेशन

राजनांदगांव (दावा)। प्रत्येक वर्ष स्थापित उद्योगों से शासन को सी.एस.आर. मद से लाखों रूपए प्राप्त होते हैं। सी.एस.आर.मद में कम्पनियों के द्वारा राशि का व्यय करने के नियम-मापदंड भारत सरकार द्वारा जारी कम्पनी अधिनियम-2013 तथा कम्पनी (कारपोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम 2014 का यथा संसोधित के द्वारा प्रशासित होती है। कंपनी अधिनियम की धारा 135 सहपठित कंपनी (सी.एस.आर.पालिसी) नियम 2014 के प्रावधानों के तहत सी.एस.आर राशि के व्यय का निर्णय कम्पनी बोर्ड द्वारा किया जाता है। इस मद की राशि व्यय करने की निगरानी का अधिकार-दायित्व कंपनी अधिनियम-2013 के अंतर्गत कम्पनी रजिस्ट्रार को है। जिला कलेक्टर को भी निगरानी एवं जन शिकायत के आधार पर जांच करने का अधिकार है। वस्तुतः जिले के स्थापित उद्योगों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण संबंधित जिम्मेदारी, मानवाधिकार संबंधित जिम्मेदारी एवं परोपकार संबंधित जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए कार्य सम्पादित कराए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यों का नाम, कार्यस्थल, लागत राशि सहित सम्पूर्ण जानकारी वर्षवार, उद्योगवार निम्नानुसार है-

### मेसर्स राजाराम मेज प्रोडक्टस

मेसर्स राजाराम मेज प्रोडक्टस प्रा.लि. ग्राम भोथीपार, जिला-राजनांदगांव के द्वारा सी.एम. रिलिफ फंड में एक लाख पी.पी.ई. कीट मास्क एवं सेनेटाइजर खरीदी के लिए 2.52 (दो लाख बावन हजार रूपए) सीएसआर मद से प्रदान किए थे। कार्य स्थल सुरगी, सिंघोला और अंजोरा गांव थे। वर्ष 2021-22 में ही यह कार्य पूरा हो गया था। मेसर्स राजाराम मेज प्रोडक्टस ने इसी वर्ष 3(तीन) लाख रूपए उदयाचल संस्था को सुरगी, सिंघोला, अंजोरा व अन्य सेक्टरों में कुपोषण अभियान में सहभागी बनने के लिए दिए थे।

फिर, पुनः वर्ष 2022-23 में 3(तीन) लाख रूपए उदयाचल संस्था को उक्त तीनों गांवों व अन्य सेक्टरों में चल रहे कुपोषण अभियान में सहभागी बनने प्रदान किए थे।

फिर पुनः तीसरी मर्तबे वर्ष 2023-24 में 13 (तेरह) लाख रूपए उदयाचल संस्था को सुरगी, सिंघोला, अंजोरा व अन्य सेक्टरों में कुपोषण अभियान व अक्षय मित्र चलाने उक्त योजना में सहभागिता करने दी गई थी। इस प्रकार, उदयाचल को राजाराम मेज प्रोडक्टस को 19 (उन्नीस) लाख सी.एस.आर. मद से दिए गये थे।

वर्ष 2024-25 (31 जनवरी 2025 तक) 5.72 (पांच लाख बहत्तर हजार रूपए) सुरगी, सिंघोला व अंजोरा गांवों में स्वयं मेसर्स राजाराम मेज प्रोडक्टस ने किसानों को मक्का की फसल को बढ़ावा देने, उन्हे प्रोत्साहित करने मक्का बीज का वितरण किया था।

### मेसर्स एबीस एक्सपोर्ट (इंडिया)

मेसर्स एबीस एक्सपोर्ट (इंडिया) प्रा.लि. (आई.बी.कारपोटेट हाऊस, ग्राम इन्दामरा जि.राजनांदगांव) ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में ग्राम-अमलीडीह में 5 करोड़ 10 लाख रूपए शिक्षा का प्रोत्साहन, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास के लिए सी.एस.आर. मद से दिए थे। ग्राम अमलीडीह, टोलागांव, इन्दामारा, सुखरी में कार्य होना बताया गया है। पुनः 2022-23 में 6 करोड़ 40 लाख 94 हजार रूपए उक्त तीनों गांवों में शिक्षा का प्रोत्साहन, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास के लिए मे. एबीस एक्सपोर्ट (इंडिया) ने प्रदान किए थे। इन कार्यों को भी पूर्ण होना बताया गया है।

तीसरी मरतबे पुनः मे.एबीस एक्सपोर्ट ने वर्ष 2023-24 में 10 करोड़ 16 लाख 7 हजार रूपए फिर ग्रामों अमलीडीह, टोलागांव, इंदामरा सुरगी में शिक्षा का प्रोत्साहन, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास हेतु प्रदान किए थे। वर्ष 2024-25 (31 जनवरी 2025 तक) 8 करोड़ 2 लाख 39 हजार रूपए फिर ग्राम-अमलीडीह, टोलागांव, इंदामरा, सुरगी गांवों में शिक्षा का प्रोत्साहन, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रदान किए थे। ये सभी कार्य भी पूर्णता को प्राप्त होना बताया गया है। उक्त सभी कार्यों को मे.एबीस एक्सपोर्ट के द्वारा स्वयं सम्पन्न कराया गया है।

### मेसर्स डूल्स पेट फुड (प्रा.लि.)

मेसर्स डूल्स पेट फुड (प्रा.लि.) ग्राम अमलीडीह, तहसील-डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव ने वीत्तिय वर्ष 2022-23 में 36 लाख 70 हजार रूपए ''महिला एवं शिशु कल्याण '' हेतु प्रदान किए थे। इसके लिए कार्य एजेंसी वसुधा फाउंडेशन, राजनांदगांव थी, जिसके द्वारा कार्य पूर्ण होना बताया गया है। वर्ष 2023-24 में उक्त कम्पनी मे. डूल्स पेट फुड प्रा.लि. ने 72 लाख 80 हजार रूपए ''बाल शिक्षा'' हेतु प्रदान किया था, जिसकी कार्य एजेंसी 'आल वालटरी एसोसिएशन फांउडेशन रायपुर' थी, जिसके द्वारा कार्य पूर्ण होना बताया गया है। वर्ष 2024-25 (31 जनवरी 2025 तक) मे.टूल्स पेट फुड प्रा.लि. ग्राम अमलीडीह, तह. डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव ने 60 (साठ) लाख ''बालशिक्षा'' हेतु प्रदान किए थे, जिसकी कार्य एजेंसी जन जागृति सेवार्थ संस्थान मथुरा थी, जिसे भी पूर्ण होना बताया गया है। इनके अलावा अन्य औद्योगिक कम्पनियों मे.गोदावरी सोलर एनर्जी, मे. खेतान केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर लि., मे. क्रेस्ट स्टील एण्ड पावर लि. की सी.एस.आर. मद के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## छग की बेटी का टीम इंडिया में चयन : बालोद की किरण पिस्दा भारतीय महिला फुटबाल टीम का होंगी हिस्सा



बालोद (दावा)। बालोद जिले की बेटी किरण पिस्दा ने देश और प्रदेश का नाम रोशन कर दिया है। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने 22 साल बाद एएफसी महिला एशियन कप में क्वालिफाई किया है, और इस गौरवशाली टीम का हिस्सा बालोद की किरण पिस्दा बनी हैं।

बतौर डिफेंडर 23 सदस्यीय भारतीय टीम में चयनित किरण ने इतिहास रच दिया है। किरण के पिता बालोद कलेक्ट्रेट में सहायक अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। परिवार के साथ-साथ पूरे जिले में खुशी का माहौल है।

क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम का जबरदस्त प्रदर्शन

दरअसल, थाईलैंड में चल रहे क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए मेजबान थाईलैंड को 2-1 से हराया और ग्रुप-बी के चारों मैच जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही टीम ने एएफसी महिला एशियन कप 2026 में अपनी जगह पक्की की, जो ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा।

### पहली बार एशियन कप में भारत ने किया प्रवेश

गौरतलब है कि, भारत की महिला टीम 2003 के बाद पहली बार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में जगह बना पाई है, और क्वालिफायर्स फॉर्मेट के तहत यह पहली बार है जब भारत ने एशियन कप में प्रवेश किया है। किरण की यह उपलब्धि बालोद जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा है और छत्तीसगढ़ की बेटियों के सपनों को उड़ान देने वाली ऐतिहासिक सफलता भी है।

## यातायात सुदृढ़ करने जिला प्रशासन ने गुड़ाखु लाईन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की

### दुकान के बाहर रखे सामान जप्त कर अतिरिक्त लगे शेड तोड़े



राजनांदगांव (दावा)। शहर के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा सुगम आवागमन के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर जिला प्रशासन ने दो बार चेम्बर ऑफ कामर्स तथा व्यापारियों की बैठक लेकर चर्चा की और कल जिला प्रशासन की टीम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों में पहुंचकर दुकान की सीमा में सामान रखने व अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी गई। समझाइश के उपरांत अवमानना पर आज नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक, तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव सहित प्रशासन की टीम द्वारा पुलिस बल के साथ आज गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में स्वयं निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। आजाद चौक से जीई रोड तक, गुड़ाखू लाइन से पूर्ण अतिक्रमण हटाया गया।

उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्गों तथा बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा समान बाहर रखकर एवं समान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है तथा शेड निकाला जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है एवं आवागमन में असुविधा होती है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने तथा बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया और कलेक्टर के निर्देश पर व्यापारियों की बैठक लेकर चर्चा की गई व शहर में भ्रमण कर व्यापारियों को समझाइश भी दी गई। इसके बाद भी गुड़ाखु लाईन का निरीक्षण करने पर व्यवस्था में सुधार नही पाया गया। व्यवस्था सुधारने आज जिला प्रशासन द्वारा गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में आज निरीक्षण के दौरान रोड के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर समान रखा पाया गया। वही कई दुकानदारों का सामान बाहर लटका पाया गया। कुछ के द्वारा तो दुकान के बाहर लंबा चौड़ा शेड भी लगाया था। जिस पर आज जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारी दल-बल के साथ गुड़ाखु लाईन तथा आजाद चौक के दुकाने जहां दुकान के बाहर सामान रखा गया था, उनके समान जप्ती की कार्रवाई कर दुकान के बाहर लगे शेड मानव बल एवं जेसीबी से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने स्वयं समान हटाया, जिनका समान नहीं हटा था उनका समान प्रशासन के टीम ने हटाई

कुछ दुकानदारों द्वारा विरोध करने पर नगर निगम आयुक्त, एसडीएम, सीएसपी एवं तहसीलदार अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों को समझाईस दिया गया है कि शहर के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने में सहयोग करें। दुकानों के बाहर समान रखने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा समान खरीदी करने वाले पार्किंग के अभाव में दुकान में खड़े होने की जगह नही होने पर खरीददारी करने भी नही आते, जिसे कारण व्यापार में भी असर होता है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर आप सभी को सहयोग करना है। आपके सहयोग से ही दुर्घटना को रोका जा सकता है। शहर के बाजार क्षेत्र के व्यापारियों से कहा है कि समान दुकान की सीमा में रखे अतिक्रमण न करें। पालन नहीं करने पर जिला प्रशासन की टीम समान जप्ती एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेंगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सपनों को साकार किया मोदी सरकार ने - पारख



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा ग्रामीण मंडल पश्चिम में मंडल अध्यक्ष मनोज साहू की नेतृत्व में भारतीय जन संघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती का कार्यक्रम ग्राम सिंघोला में रखा गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने मुखर्जी के जन्म जयंती पर अपने विचार रखें और कहा कि डॉ. मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने कहा था कि एक देश में 'दो निशान दो प्रधान दो विधान' नहीं चलेगा। उनके विचार को देश की यशस्वी प्रधानमंत्री 'नरेंद्र मोदी ने धारा 370 35ए को खत्म कर डॉ. मुखर्जी की सपनों को साकार किया। उनकी जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उक्त आयोजन में मंडल के वरिष्ठ विवेक साहू, जिला पंचायत सभापति श्रीमति देवकुमारी साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती खुशबू साहू, लखनलाल साहू, श्रीमती पुष्पा गायकवाड़, श्रीमती पुष्पा इके, अशोक साहू, मोती देवांगन, रमेश चंद्राकर, मुकेश साहू, कृष्णा साहू, हेमलाल साहू, विष्णु साहू, हमदीप साहू, सुखीराम साहू, देवल साहू, उत्तम साहू, अभिषेक चंद्राकर, महेश्वर निषाद, चोवाराम साहू, टुकेश्वर साहू सहित शक्ति केंद्र के प्रमुख के साथ बूथ के अध्यक्षगण, सरपंच एवं महिला समूह के प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क चिरचारी में मासूम बच्चे की मौत की जांच ठण्डे बस्ते में

(संजीव गुप्ता)



0 सचिव निलंबित, लेकिन पूर्व सरपंच के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नहीं
0 सूचना पटल के गिरने से हुई बच्चे की मौत का मामला

छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत चिरचारी में पांच वर्षीय मासूम बच्चे की सूचना पटल गिरने से मौत हो गई थी। जिसकी जांच के लिए कलेक्टर ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था यह मामला ठण्डे बस्ते में चला गया है। जांच के बाद सचिव पर निलंबन की गाज तो गिरी लेकिन निर्माण करने वाले पूर्व सरपंच के खिलाफ अब तक आरोप तय नहीं हो पाया है, इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि छुरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में सूचना पटल के गिरने से बालक युवांशी निषाद की मौत हो गई थी। जिससे घटिया निर्माण की पोल खुल गई। घटना से गुस्साए परिजनों एवं ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व सरपंच के द्वारा निर्माण कार्य में भर्राशाही की गई नतीजा मासूम बालक को जान से हाथ धोना पड़ा। घटना की खबर मिलने पर पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही एवं पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर मामले का जांच का जिम्मा सौंपा था। जांच समिति टीम में अपर कलेक्टर सरस्वती बंजारे, लोक निर्माण विभाग के ईई एस.के. चौरसिया, उपसंचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक के साथ एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम एवं जनपद सीईओ होरीलाल साहू, सड़क चिरचारी पहुंचे जहां परिजनों एवं निर्माण कार्य में संलिप्त पूर्व सरपंच, सचिव, इंजीनियर को इस मामले में नोटिस थमाकर स्पष्टीकरण लिया। मामला बढ़ते देख जिला पंचायत सीईओ ने निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर सचिव मनसुख लाल साहू को निलंबित कर दिया। वहीं निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले पूर्व सरपंच पर अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। इससे प्रतीत होता है कि मासूम बच्चे के मौत की जांच ठण्डे बस्ते में जाता दिखाई दे रहा है। जिससे परिजनों एवं ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### दो सप्ताह के बाद भी नहीं सौंपी गई रिपोर्ट

सड़क चिरचारी में सूचना पटल के गिरने से मासूम बालक की मौत के बाद प्रशासन सजग हुआ। जिला कलेक्टर डॉ. भूरे ने तत्परता दिखाते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया और इनमें शामिल प्रशासनिक अफसरों को सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपा नहीं गया है।

## विचारधारा की लड़ाई आज भी जारी है, जरा सी चूक विकसित भारत बनने में बाधक होगी - योगेश दत्त मिश्रा



भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मनी

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जन संघ के संस्थापक एवं भाजपा के आधार स्तंभ, प्रेरणा स्रोत महान चिंतक, शिक्षाविद, राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आज जिला भाजपा कार्यालय में उत्तर एवं दक्षिण मंडल भाजपा द्वारा संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार संगोष्ठी में वक्ता के रूप में किसान नेता अशोक चौधरी, अशोकादित्य श्रीवास्तव, सुनील बाजपेई, पूर्णिमा साहू, शिव वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण को विस्तार से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने भारतीय जनसंघ की नीतियों और सिद्धांतों को विस्तार से बताते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, वीर सावरकर, डॉ. आंबेडकर और देश के ऐसे कई लोगों ने मिलकर देश हित में एक विचारधारा का निर्माण किया। जिसके अनुसार देश के लिए मरने, मिटने हुए देशभक्ति के जज्बे को लेकर वे निकल पड़े। उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री जैसे पद को त्याग कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने विचारधारा के साथ समझौता नहीं किया और विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए कठोर यातनाएं भी सही, परंतु देश के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान दिया।

योगेश दत्त ने कहा कि भारत विभाजन के समय पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री डॉ. शुभ्रावर्दी थे। जो बाद में पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति भी बने। कांग्रेस के लोगों के साथ उन्होंने षड्यंत्र कर बंगाल को पाक मिलने की साजिश रची, परंतु डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका पुरजोर विरोध किया और बंगाल को पाकिस्तान जाने से रोका। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे। उन्होंने हिंदू महासभा में कई लोगों को शामिल कराया और सभी को राष्ट्रवादी विचारों से जोड़े रखा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था। वहां सांप्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी। सांप्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में उन्होंने यह बीड़ा उठाया और बंगाल की हिंदुओं की अपेक्षा ना हो अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल की विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नकार दिया। श्री राजपूत ने कहा कि मुखर्जी की इस धारणा के प्रबल समर्थक थे। सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं, इसलिए वे धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे। मुखर्जी ने एक देश में दो संविधान दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। उन्होंने अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू कश्मीर के लिए निकल पड़े और वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजर बंद कर दिया गया और 23 जून 1958 को जेल में विषम परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। उनके संकल्प को मोदी जी ने पूरा करते हुए कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम के सह सयोजक रामकुमार गुप्ता ने किया और आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया एवं प्रशांत गोलू गुप्ता ने किया।

### 428 कार्यक्रम पखवाड़ा में आयोजित किए गए - किशुन यदु

कार्यक्रम के संयोजक किशुन यदु ने बताया कि 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई उनके जन्मदिन तक चले पखवाड़े में उनके नेतृत्व में सभी 16 मंडलों में 428 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को बूथ स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमें हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए और डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस को स्मरण कर उनके सपनों के भारत को बनाने का संकल्प लिया और आज उनकी जयंती को मंडल स्तर पर सभी 16 मंडलों में मनाया जा रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को दिया।

## अनुठी पहल : पुण्यतिथि पर पुण्य का कार्य



राजनांदगांव (दै.दावा)। महावीर सनसिटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के बड़े भाई स्व. विनोद चोपड़ा की चौथी पुण्यतिथि पर सनसिटी में कर्मचारी और काम करने वाली बाईयों को रेनकोट वितरित किया गया। आस्था मुकबधिर शाला के बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी-पेन वितरित किया गया। वृद्धा आश्रम में भोजन कराया गया। साथ ही मेडिकल किट वितरित किया गया। रेवाडीह स्थित गौशाला में गायों को रोटी, गुड़ व बिस्कुट खिलाया गया तथा परिवारजनों द्वारा नवकार मंत्र का जाप किया गया।

### आज शहर में तीन स्थानों में राम रसोई का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में भी तीन स्थानों में श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति, दुर्ग द्वारा संचालित राम रसोई 7 जुलाई, सोमवार को 12.30 बजे प्रारंभ होने जा रही है। पिछले 13 महीनों से यह योजना दुर्ग में 13 स्थानों में सफलतापूर्वक चल रही हैं, जिसमे रोजाना लगभग 2000 लोग श्रीराम रसोई का लाभ ले रहे है। इस योजना में मात्र 20 रुपए में पेटभर गरम भोजन दिया जाता है। भोजन पूर्ण शुद्धता और उत्तम गुणवत्ता के साथ बनाया जाता है। इस सुयोजना का शुभारंभ 7 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे शहर के श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, महावीर चौक, नया गंज मंडी, बसंतपुर, कलेक्ट्रेट के सामने, जी.ई. रोड राजनांदगांव होने जा रही है।

## परशुराम दल छत्तीसगढ़ कार्यकारिणी का गठन : सुजीत झा बने प्रदेश संयोजक



रायपुर (दावा)। रजिस्टर्ड राष्ट्रीय क्रांतिकारी ब्राह्मण संगठन परशुराम दल के देशव्यापी विस्तार के अभियान की श्रृंखला में आज रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। रायपुर स्थित शर्मा होटल में आयोजित नियुक्ति कार्यक्रम में दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने सुजीत कुमार झा को नियुक्ति पत्र देकर प्रदेश संयोजक का पदभार ग्रहण कराया। सुजीत झा रायपुर के प्रमुख समाजसेवी ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक़ रखते हैं। मानवसेवा को अपना धर्म मानने वाले श्री झा हर जरूरतमंद की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर दल के राष्ट्रय गंगाधर शर्मा ने कहा कि कुछ अराजकतावादियों द्वारा देश में ब्राह्मण समाज के प्रति फैलाए जा रहे द्वेष व ब्राह्मणों के खिलाफ भ्रामक प्रचार का परशुराम दल डटकर विरोध करते हुए समाजविरोधी मंसूबों को पूरा नहीं होने देगा।

श्री शर्मा ने बताया कि देश में समस्त ब्राह्मण समाज को शसक्त, आत्मनिर्भर व मजबूत बनाने के उद्देश्य से दल का गठन किया गया है, जो ब्राह्मण समाज के साथ हो रहे अन्याय का विरोध करते हुए विप्रजनों को न्याय दिलाने के लिए सदैव अडिग खड़ा रहेगा। उन्होंने बताया कि अब तक देश के एक दर्जन राज्यों में परशुराम दल की कार्यकारिणियां गठित हो चुकी हैं, जो अपने क्षेत्रों में दल को मजबूती प्रदान करने में जुटे हुए हैं।

इस अवसर पर कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए जिला अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई। जिसमे रायपुर जिला अध्यक्ष अंजनी मिश्रा एवं, जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत पांडे, प्रदेश प्रवक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमित बनर्जी को दायित्व प्रदान किये गए है। दल के नवनियुक्त प्रदेश संयोजक सुजीत झा ने अपने संबोधन में कहा कि दल के द्वारा दिए जा रहे दायित्व का वे पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे एवं प्रदेश में परशुराम दल को हर जिले, तहसील व गांव तक पहुंचाने के लिए संकल्पित रहेंगे। नियुक्ति कार्यक्रम में सुमन झा, अमर पांडे, अशोक झा, विजेंद्र तिवारी, विनोद कुमार, राजेश शर्मा, मदन मोहन तिवारी, देवचरण झा, मनोज गोस्वामी, मनोज शर्मा, अनुज शर्मा इत्यादि बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारंभ
श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ
जी.ई. रोड, वर्धमान नगर, राजनांदगांव संचालित
श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर, मो. 9098837101
हिन्दी माध्यम- नर्सरी से कक्षा 12वीं तक
कृषि संकाय, बायो, गणित, कला संकाय
श्री देव आनंद जैन पब्लिक स्कूल, मो. 9893067917
अंग्रेजी माध्यम प्री-नर्सरी से कक्षा 12वीं तक
कॉमर्स, बायो, गणित
सत्र 2025 में नये प्रवेशी छात्र-छात्राओं को सत्रान्त तक 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जावेगी एवं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को निःशुल्क व्यवस्था शुल्क में अध्ययन करवाया जावेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com